शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 12 – 24 |
| आर्द्रता | 65% |
| सूर्योदय: 06:19 | सूर्यास्त: 17:13 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



गंगासागर मेला : श्रद्धालुओं के आगमन का रिकॉर्ड, 1.30 करोड़ तीर्थयात्री पहुंचे पृष्ठ 3

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : व्यक्ति को मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए, जो आज है वही बड़ा मौका है।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

ईडी बनाम ममता सरकार

# सुप्रीम कोर्ट ने विवाद को बताया 'गंभीर', आई-पैक छापे में 'हस्तक्षेप' पर ममता से मांगा जवाब

- ईडी अधिकारियों पर दर्ज एफआईआर पर रोक, डीजीपी-सीपी के निलंबन की मांग पर नोटिस
- 3 फरवरी तक सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश
- कलकत्ता उच्च न्यायालय में भीड़ के उमड़ने पर शीर्ष अदालत सख्त, कहा...'जैसे कि यह जंतर-मंतर हो'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के बीच चल रहे



विवाद को कानून के शासन और हर राज्य के अंग के स्वतंत्र कामकाज से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा बताया। जस्टिस पी.के. मिश्रा और जे. एम. पंचोली की बेंच ने उन चार मामलों में जांच पर रोक लगा दी, जो 8 जनवरी को कोलकाता में आई-पैक ऑफिस और इसके को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर पर ईडी की छापेमारी के बाद जवाबी कार्रवाई के तौर पर दर्ज किए गए थे। कोर्ट ने यह आदेश ईडी की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के शीर्ष अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए दिया। टीएमसी सरकार, ममता बनर्जी और राज्य के अधिकारियों ने ईडी की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि एजेंसी ने कलकत्ता हाई कोर्ट में भी इसी तरह की याचिका दायर की है, जो अभी भी विचाराधीन है। उन्होंने शीर्ष अदालत से ईडी की सुनवाई से पहले हाई कोर्ट की कार्यवाही के अंतिम नतीजे का इंतजार करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के इस विचार से साफ तौर पर असहमति जताई, क्योंकि उसने पहली नजर में राय दी कि ईडी की याचिका में ईडी या अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच और राज्य एजेंसियों द्वारा इसमें हस्तक्षेप से संबंधित एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है। जजों ने अंतरिम आदेश में कहा कि हमारे अनुसार, देश में कानून के शासन का पालन करने और हर अंग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने के लिए, इस मुद्दे की जांच करना ज़रूरी है ताकि अपराधियों को किसी खास राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की ढाल के नीचे सुरक्षित न रहने दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर ईडी की याचिका में बड़े मुद्दों का जवाब नहीं दिया जाता है, तो इससे न केवल पश्चिम बंगाल, बल्कि अन्य राज्यों में भी स्थिति और अराजकता बिगड़ सकती है। हालांकि, कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की इस बात को स्वीकार किया कि किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी के पास किसी भी पार्टी के चुनावी काम में दखल देने की शक्ति नहीं है। लेकिन साथ ही, अगर सेंट्रल एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच बोनाफाइड तरीके से कर रही हैं, तो सवाल उठता है कि क्या अपनी पार्टी की गतिविधियों की आड़ में, एजेंसियों को अपना काम करने से रोका जा सकता है, बेंच ने यह कहते हुए सीएम, राज्य सरकार और याचिका में नामजद अधिकारियों को जवाब देने के लिए दो हफ्ते का समय दिया। कोर्ट ने राज्य पुलिस और सरकार को सभी सीसीटीवी कैमरा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया, साथ ही ईडी की उस याचिका पर भी जवाब मांगा जिसमें उसकी जांच में दखल देने वाले पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग की गई है। मामले की अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

## भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब: वाणिज्य सचिव

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं और दोनों पक्षों के तैयार होने पर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि दोनों देशों के वार्ताकार दल व्यापार समझौते के लगभग सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह पूरा होने के बहुत करीब है, लेकिन हम कोई समय-सीमा नहीं दे सकते हैं। यह तब होगा जब दोनों पक्ष तैयार होंगे और यह महसूस करेंगे कि घोषणा का सही समय है। अग्रवाल ने संवाददाताओं के साथ बातचीत में यह स्पष्ट किया कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत कभी नहीं टूटी थी और दोनों पक्ष लगातार एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। सितंबर में भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाए जाने के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत कुछ समय के लिए सुस्त पड़ गई थी।

# एसआईआर : माध्यमिक का एडमिट कार्ड अब वैध दस्तावेज के तौर पर नहीं होगा स्वीकार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सत्यापन के लिए 10वीं कक्षा (माध्यमिक) के प्रवेश-पत्र को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने की बात कही गई थी। राज्य के सीईओ को भेजे गए एक पत्र में ईसी ने कहा कि उसने प्रस्ताव की जांच की है, लेकिन पाया कि माध्यमिक प्रवेश-पत्र एसआईआर प्रक्रिया के लिए निर्धारित स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची में शामिल नहीं है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्य में एसआईआर के आयोजन के लिए 27 अक्टूबर 2025 को जारी निर्देशों के अनुसार, माध्यमिक प्रवेश-पत्र को सत्यापन उद्देश्यों के लिए एक वैध दस्तावेज के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए, आयोग का यह मत है कि माध्यमिक प्रवेश-पत्र को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस फैसले की जानकारी राज्य के अधिकारियों को दे दी है।

### बंगाल, गोवा, लक्षद्वीप, राजस्थान और पुडुचेरी में एसआईआर की समय-सीमा बढ़ी

**नयी दिल्ली :** भारत निर्वाचन आयोग ने पुडुचेरी, गोवा, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी है। इसके तहत दावा और आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तारीख अब 19 जनवरी कर दी गई है, यह जानकारी एक नोटिफिकेशन में दी गई। यह निर्णय गुरुवार को एक पत्र के जरिए सूचित किया गया। यह कदम मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की मांगों और सभी योग्य मतदाताओं को सूची में शामिल करने को सुनिश्चित करने वाले कारकों पर विचार के बाद लिया गया है।

# ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालेगी सरकार

आज से शुरू हो सकता हैं वतन वापसी का अभियान

**नयी दिल्ली :** ईरान में पिछले 15 दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के चलते स्थिति बेहद ही भयावह हो गई है। भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार ने नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय ईरान में मौजूदा अस्थिर स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और उन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है जो भारत लौटने के इच्छुक हैं।

### अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने के बीच ईरान ने व्यावसायिक विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किए

**दुबई :** ईरान ने देशव्यापी हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने के बीच बृहस्पतिवार को बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए अपने हवाई क्षेत्र को व्यावसायिक विमानों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया। ईरान द्वारा पायलटों के लिए जारी निर्देशों के अनुसार, बंद चार घंटे से अधिक समय तक चला। ईरान एक महत्वपूर्ण पूर्व-पश्चिम उड़ान मार्ग पर स्थित है। अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने ईरान के चारों ओर उत्तर और दक्षिण की ओर मार्ग परिवर्तन किया। हालांकि समयसीमा बढ़ाए जाने के बाद ऐसा प्रतीत हुआ कि बंद समाप्त हो गया है और सुबह सात बजे के तुरंत बाद कई घरेलू उड़ानें रवाना हो गईं।

# पीएम मोदी कल करेंगे मालदा का दौरा

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के शुभारंभ को लेकर लोग उत्साहित



दौरे से पहले कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच एडीजी सीआईएफ अजय नन्द, आईपीएस, मालदा टाउन स्टेशन पर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए।

**मालदा,समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल के मालदा जिले का दौरा करेंगे, जहां वे मालदा टाउन स्टेशन से हावड़ा-गुवाहाटी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे शाहपुर बाईपास पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह दौरा भारत के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में आधुनिक रेल संपर्क का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले, मालदा टाउन स्टेशन को उत्सव का माहौल है। स्टेशन के अंदर और बाहर, हर हिस्से को रंग-बिरंगे पर्दों और रोशनी से सजाया गया है, जिससे यह किसी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसा दिख रहा है। तैयारियां जोरों से चल रही हैं और यात्रियों और स्थानीय लोगों में उत्साह साफ झलक रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा दोपहर 12 से 12:30 बजे के बीच हावड़ा और गुवाहाटी के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने की उम्मीद है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 52 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बृहस्पतिवार को 52 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 49 नक्सलियों पर कुल 1.41 करोड़ रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 21 महिलाएं भी शामिल हैं, माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी), आंध्र-ओडिशा बॉर्डर डिविजन और भामरागढ़ एरिया कमेटी (महाराष्ट्र) में सक्रिय थे। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि नक्सलियों ने 'पूना मारगेम: पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के तहत यहां वरिष्ठ पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। यादव ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं।

## झारखंड: पुलिस ने 'हमले' की शिकायत पर ईडी कार्यालय की सीसीटीवी फुटेज जब्त की

**ईडी ने अपने कार्यालय पर राज्य पुलिस की छापेमारी के बाद अदालत का किया रुख**

**रांची :** रांची पुलिस की एक टीम ने बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल कार्यालय से सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई झारखंड के एक पूर्व सरकारी कर्मचारी द्वारा पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों पर मारपीट का आरोप लगाए जाने के बाद की गई। सूत्रों के अनुसार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पूर्व कर्मचारी ने 12 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कथित जलापूर्ति घोटाले की जांच के दौरान ईडी अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट की। सूत्रों ने कहा कि पुलिसकर्मी बृहस्पतिवार सुबह ईडी कार्यालय पहुंचे। हालांकि, रांची पुलिस ने इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल पुलिस और ईडी अधिकारियों के बीच हुए टकराव के बाद सामने आया है, जब जांच एजेंसी ने जबरन प्रवेश और दस्तावेजों की चोरी के आरोपों के बीच राजनीतिक परामर्श फर्म 'आई-पैक' के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी ली थी।

# ईयू के शीर्ष नेता गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे

मुक्त व्यापार समझौता होने की संभावना



**नयी दिल्ली :** यूरोपीय संघ (ईयू) की शीर्ष नेता उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे तथा अमेरिका की व्यापार और टैरिफ (शुल्क) नीतियों पर बढ़ती चिंता के बीच, दोनों पक्ष 27 जनवरी को बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। विश्व व्यवस्था के अस्थिर प्रतीत होने के बीच, 25 जनवरी से कोस्टा और वॉन डेर लेयेन की नयी दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान ईयू और भारत द्वारा एक व्यापक वैश्विक एजेंडा तैयार करने पर विचार किए जाने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 135 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इस मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) से व्यापारिक संबंधों के काफी मजबूत होने की उम्मीद है।

## देश का निर्यात दिसंबर में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश का वस्तु निर्यात बीते माह दिसंबर में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर रहा। आयात दिसंबर 2025 में बढ़कर 63.55 अरब डॉलर हो गया जो दिसंबर 2024 में 58.43 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा 25 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निर्यात सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु एवं सेवाओं का निर्यात 850 अरब डॉलर से अधिक रहने का अनुमान है।

## भारतीय रक्षा कंपनी को सेना व नौसेना के लिए ड्रोन रोधी प्रणाली का ऑर्डर मिला

**नयी दिल्ली :** एक भारतीय रक्षा कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने स्वदेशी रूप से विकसित ड्रोन रोधी प्रणाली के लिए थल सेना और भारतीय नौसेना से ऑर्डर हासिल किए हैं। यह प्रणाली दुश्मन ड्रोन को बाधित और निष्क्रिय करने के साथ-साथ उभरते हवाई खतरों से निपटने की सेना की क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'आईजी टी-शुल पल्स एंटी-ड्रोन सिस्टम' हल्का और तेजी से तैनात किये जाने योग्य है और इसका उद्देश्य अग्रिम पंक्ति के सैनिकों, परिधि सुरक्षा, सैन्य ठिकानों और महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्तियों की सुरक्षा करना है। नोएडा स्थित कंपनी 'आईजी डिफेंस' ने कहा, यह सीधी दृष्टि रेखा और हस्तक्षेप-मुक्त परिस्थितियों में दो किलोमीटर तक की प्रभावी जैमिंग रेंज प्रदान करता है, जिससे सामरिक इकाइयों को उभरते हवाई खतरों के खिलाफ तत्काल प्रतिक्रिया का विकल्प मिलता है।

# भारत में लोकतंत्र सफल है क्योंकि शासन के केंद्र में जनता है: प्रधानमंत्री




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत बनाया है और दुनिया को दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं उसके विकास को स्थिरता, गति तथा स्तर (स्केल) प्रदान करते हैं। राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) का उद्घाटन करते हुए, मोदी ने यह भी कहा कि भारत में लोकतंत्र सफल है क्योंकि शासन के केंद्र में देश की जनता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र एक बड़े पेड़ की तरह है जिसकी जड़ें गहरी हैं। मोदी ने कहा, ''भारत में, लोकतंत्र का मतलब है अंतिम पायदान तक सेवाओं की पहुंच।'' उन्होंने कहा कि जन कल्याण की भावना के साथ उठाए गए सरकार के कल्याणकारी कदम बिना भेदभाव के सभी लोगों तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा, ''इस भावना की वजह से 25 करोड़ लोग पिछले कुछ साल में गरीबी से बाहर आए हैं। भारत में लोकतंत्र सफल है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''जब भारत को आजादी मिली, तो कई लोगों को संदेह था कि देश की इतनी अधिक विविधता के बीच लोकतंत्र टिक पाएगा या नहीं। हालांकि, यही विविधता भारतीय लोकतंत्र की शक्ति बन गई।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह भी संशय था कि लोकतंत्र ने जड़ें जमा भी लीं, तो भी भारत को आगे बढ़ने में मुश्किल होगी। इन संशयों के उलट, भारत ने दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं उसके विकास को स्थिरता, स्केल और गति प्रदान करते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है जहां यूपीआई के साथ सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान प्रणाली भी है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे बड़ा वैक्सीन विनिर्माता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात निर्माता भी है और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप इकोसिस्टम है। मोदी ने कहा कि देश में तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार, चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। यह सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा धान उत्पादक देश भी है। संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में 14 से 16 जनवरी तक आयोजित हो रहे सीएसपीओसी में 42 राष्ट्रमंडल देशों के 61 स्पीकर और पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं। चौथी बार भारत इस सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रमंडल देशों की करीब 50 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, जिसने सभी देशों के विकास में हरसंभव योगदान का प्रयास लगातार किया है।

## 'उच्च जोखिम वाले' 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर रोक में पर्यटक, अस्थायी वीजा शामिल नहीं

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत ''उच्च-जोखिम'' वाले 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर लगाई गई ताजा रोक पर्यटक या कार्य वीजा पर लागू नहीं होती और इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो अमेरिका में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान, इराक और रूस सहित 75 देशों के नागरिकों के लिए प्रवासी वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बुधवार को घोषणा की।

## नासा की पहली चिकित्सा आपात वापसी के तहत बीमार अंतरिक्ष यात्री समय से पहले पृथ्वी पर लौटा



**केप केनवरल (अमेरिका) :** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से एक बीमार अंतरिक्ष यात्री बृहस्पतिवार को तीन अन्य साथियों के साथ पृथ्वी पर लौट आया। इसके साथ ही अंतरिक्ष स्टेशन का उन लोगों का मिशन करीब महीने पहले ही समाप्त हो गया। स्वास्थ्य कारणों को लेकर अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन से वापस धरती पर लाने का नासा का यह पहला अभियान था। इन अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकलने के 11 घंटे बाद, 'स्पेसएक्स' ने कैप्सूल को सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर में आधी रात को सफलतापूर्वक उतारा। नासा के नये प्रशासक जेरेड आइज़ैकमैन ने लैंडिंग के बाद कहा, ''स्पष्ट रूप से, हमने यह कदम (समय से पहले वापसी) इसलिए उठाया कि यह एक गंभीर चिकित्सा आपात स्थिति थी। बीमार अंतरिक्ष यात्री अभी ठीक है, उसका मनोबल अच्छा है और उसकी सभी आवश्यक चिकित्सा जांच की जा रही है।''

## सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें कंपनियां

गिग वर्कर्स की हड़ताल और उनके मुश्किल हालात को लेकर समाज में बढ़ती फिक्र के बाद हुए सरकारी हस्तक्षेप से गिग वर्कर्स की बड़ी मुश्किल हल हुई है। कोहरे-ठंड और बेतरतीब ट्रैफिक के बीच गिग-वर्कर्स पर दस मिनट में सामान उपभोक्ता तक पहुंचाने का दबाव एक बड़े तनाव की वजह बना हुआ था। गिग-वर्कर्स को हीमैन मानकर द्रुत गति से वाहन दौड़ाकर अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती थी। कुछ डिलीवरी ब्वॉयज के दुर्घटनाग्रस्त होकर जान गंवाने व घायल होने के भी समाचार थे। अब यह सुखद ही है कि केंद्रीय श्रममंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद क्विक कॉमर्स कंपनियां कष्टदायक दस मिनट में डिलीवरी की व्यवस्था खत्म करने को तैयार हो गई हैं। इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट, जिसने दस मिनट में डिलीवरी को अपने कारोबार की आक्रामक विज्ञापन रणनीति का हथियार बना लिया था, ने अब अपने मंचों से दस मिनट में डिलीवरी का दावा हटा लिया है। निश्चित रूप से यह अमानवीय ही था कि बेकारी का त्रास झेलते युवाओं पर आनन-फानन दस मिनट में सामान उपभोक्ता तक पहुंचाने का दबाव बनाया जाए। लंबी ड्यूटी, कम पैसा और जल्दी सामान पहुंचाने के दबाव में बड़ी संख्या में गिग-वर्कर्स काम छोड़ जाते थे। आजकल ठंड के मौसम में उपभोक्ता घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। अत: उत्तर भारत में भीषण सर्दी और कोहरे के बीच दस मिनट में तेजी से सामान पहुंचाना दुष्कर कार्य था। भारत में आम ट्रैफिक की जटिल स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सड़क हादसों के कारण उनका जीवन जोखिम में बना रहता था। इतना ही नहीं, कई बार डिलीवरी ब्वॉयज को बहुमंजिला इमारतों और कालोनियों के सुरक्षा गार्डों से जूझना पड़ता था, जिससे उन्हें सामान पहुंचाने में देरी हो जाती थी। फिर उपभोक्ता के मोबाइल पर मिले ओटीपी के बाद उनका सामान डिलीवर माना जाता था। समय पर सामान की डिलीवरी न होने पर उनके कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन कमतर आंका जाता है।

दरअसल, गिग वर्कर्स को अच्छी रैंक तभी मिलती है जब वे दस मिनट में सामान पहुंचा देते हैं, जिसके चलते वे मानसिक तनाव में रहते थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दस मिनट में डिलीवरी का दबाव झेलते तथा मेहनताने में कमी आदि मांगों को लेकर गिग-वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी। हालांकि, कंपनी मालिकों ने साल के आखिरी दिनों में उत्सव के माहौल में डिलीवरी बाधित होते देख हड़ताल को कामयाब नहीं होने दिया, लेकिन इस हड़ताल से पूरे देश का ध्यान गिग-वर्कर्स की जायज मांगों की तरफ गया। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा समेत कई राजनेताओं ने भी गिग-वर्कर्स के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। पिछले दिनों ध्यान आकर्षण के लिए बाकायदा राघव चड्ढा डिलीवरी ब्वॉय की ड्रेस पहनकर सामान डिलीवर करने भी गए। निस्संदेह, डिलीवरी ब्वॉयज का काम बेहद चुनौतीपूर्ण है, काम के घंटे बहुत ज्यादा हैं और उसके अनुपात में मेहनताना बेहद कम है। इन्हीं चिंताओं के बाद केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नया लेबर कोड चर्चा में आया, जिसमें उल्लेख है कि गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नियोक्ता कंपनी द्वारा दी जाएं। यह विडंबना ही है कि गिग वर्कर्स की मेहनत से क्विक कॉमर्स कंपनियों का कारोबार तो तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन गिग वर्कर्स की माली हालत नहीं सुधरी है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में गिग वर्कर्स थोड़े समय काम करके नौकरी छोड़ देते हैं। निर्विवाद रूप से आज जरूरी है कि गिग वर्कर्स ही नहीं, तमाम असंगठित क्षेत्र के कामगारों को अविलंब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए। उन्हें बीमा, न्यायोचित काम के घंटे, समय पर समुचित भुगतान व चिकित्सा आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस दिशा में कानून बनाना ही काफी नहीं होगा, जरूरत लगातार इस बात की निगरानी की भी होगी कि धरातल पर इन कानूनों का कितना अमल हो रहा है। निश्चित रूप से असंगठित क्षेत्र के हर कामगार की सुध ली जानी चाहिए। तभी देश में श्रम की गरिमा स्थापित हो सकेगी। यही देश की युवा श्रमशक्ति का भी सम्मान होगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 जनवरी, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 22:19 तक, नक्षत्र : मूल, 32:05 तक, योग : ध्रुव, 21:00 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:13, चन्द्रोदय : 04:17, चन्द्रास्त: 14:55, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 10:25 से 11:46

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के नवम त्रिकोण भाग्य में चन्द्रमा का प्रबल योग बन रहा है। शाम 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**वृष :** वृष राशि वालों का ध्यान आज नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लिए शुक्रवार का दिन काफी रचनात्मक रहने वाला है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**कर्क :** शुक्रवार का दिन कर्क राशि के जातकों के लिए काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतनी होगी। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आये इस बात का ध्यान रखें।

**तुला :** तुला राशि के लिए दिन लाभकारक रहने वाला है है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि की माली हालत काफी मजबूत रहेगी। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः प्रयत्नशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

**धनु :** धनु राशि वालों को शुक्रवार के दिन सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

**मकर :** मकर राशि का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए शुक्रवार का दिन स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

# नवाचार, समावेशन और भारत की प्रगति को गति देते हैं स्टार्टअप



पीयूष गोयल

स्टार्टअप इंडिया पहल पूरे देश में एक समग्र और नई सोच वाले इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुई है। यह युवाओं की उद्यमशील ऊर्जा को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को तेज करने की दिशा में लगाकर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को साकार करने का मार्ग तैयार कर रही है।

भारत में आज दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक मौजूद है। आज उद्यमिता एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुकी है, जो भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दे रही है और विकास व रोजगार सृजन का नया इंजन बन रही है।

यह परिवर्तन रातोंरात नहीं हुआ। जब प्रधानमंत्री ने 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया की घोषणा की, तब उन्होंने एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी दृष्टि रखी कि उद्यमिता देश के हर जिले और हर ब्लॉक तक पहुंचे।

16 जनवरी 2016 को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से शुरू किए जाने के बाद से स्टार्टअप इंडिया ने लंबा सफर तय किया है। स्टार्टअप देश की अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई ऊर्जा भर रहे हैं। आईटी सेवाएं, स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान, शिक्षा, कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं। इसके अलावा, जलवायु तकनीक और अवसंरचना सहित 50 से अधिक अन्य उद्योगों में भी नए उद्यम सामने आए हैं। यह व्यापकता विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और मजबूती को दर्शाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

नवाचार और एआई: पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव नवाचार और गहन तकनीक पर बढ़ते ध्यान के रूप में देखा गया है। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंक 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर पिछले वर्ष 38वें स्थान पर पहुँच गई है, और गहन तकनीक से जुड़े स्टार्टअप्स को सरकार का समर्थन इसे आगे और बेहतर करेगा। प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया पहल के आधार पर एआई स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

गहन तकनीक वाला राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की गई है, तथा इंडिया एआई मिशन और रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना की शुरुआत की गई है। भारत के स्टार्टअप एयरोनॉटिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा, रोबोटिक्स, हरित तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भी नवाचार कर रहे हैं। बौद्धिक संपदा के निर्माण में तेज़ वृद्धि इस प्रवृत्ति को और मजबूत करती है। भारतीय स्टार्टअप्स ने 16,400 से अधिक नए पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं, जो मौलिक नवाचार, दीर्घकालिक मूल्य सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है।

अखिल भारतीय विकास: उद्यमिता को देशभर में मिल रहा समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्ष 2016 में केवल चार राज्यों में स्टार्टअप नीतियां थीं, जबकि आज भारत के 30 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष स्टार्टअप ढांचे मौजूद हैं। अब हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जो संस्थागत समर्थन की मजबूती और जमीनी स्तर की भागीदारी को दर्शाता है।

अब तक 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी जा चुकी है, जो नीति-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के एक दशक के सतत विकास को दर्शाता है। केवल 2025 में ही 49,400 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता मिली, जो स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के बाद सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है।

समावेशन इस पूरी यात्रा की एक मजबूत आधारशिला रहा है। महिला नेतृत्व वाले उद्यम एक बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं, जहां 45 प्रतिशत से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक है। इसके अलावा, लगभग आधे स्टार्टअप गैर-मेट्रो शहरों में स्थित हैं, जो नवाचार और रोजगार के नए केंद्र के रूप में टियर-2 और टियर-3 शहरों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।

लोकल से ग्लोबल: जैसे-जैसे भारतीय स्टार्टअप्स का विस्तार हो रहा है, पूरी दुनिया उनके लिए बाज़ार बनती जा रही है। वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप इंडिया ने मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाई हैं। अब 21 अंतरराष्ट्रीय ब्रिज और 2 रणनीतिक गठबंधन मौजूद हैं, जो यूके, जापान, दक्षिण कोरिया, स्वीडन और इज़राइल सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बाज़ार तक पहुंच, सहयोग और विस्तार को आसान बनाते हैं। इन पहलों से अब तक 850 से अधिक स्टार्टअप्स लाभान्वित हो चुके हैं।

स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, न्यूज़ीलैंड और इज़राइल की मेरी हालिया यात्राओं में स्टार्टअप्स भारत के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों का अहम हिस्सा रहे। इन प्रयासों ने वैश्विक मंच पर भारतीय नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर दिया, साथ ही हमारे उद्यमियों को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की नवाचार और व्यापारिक कार्यप्रणालियों से परिचित कराया।

सुधार और बाज़ार तक पहुंच: इस विकास को संभव बनाने में कारोबार करने में आसानी सुधारना एक मुख्य आधार रहा है। पात्र स्टार्टअप अपने पहले दस वर्षों में से किसी भी तीन लगातार वर्षों के लिए कर अवकाश का लाभ ले सकते हैं। अब तक 4,100 से अधिक स्टार्टअप्स को इसके लिए पात्रता प्रमाणपत्र मिल चुके हैं।

60 से अधिक नियामकीय सुधारों के माध्यम से अनुपालन का बोझ कम किया गया है, पूंजी जुटाने को आसान बनाया गया है और घरेलू संस्थागत निवेश को मजबूत किया गया है। एंजेल टैक्स को समाप्त करने और वैकल्पिक निवेश कोषों (एटीएफ) के लिए दीर्घकालिक पूंजी के रास्ते खोलने से स्टार्टअप फंडिंग का पारिस्थितिकी तंत्र और सशक्त हुआ है। बाज़ार तक पहुंच को प्राथमिकता दी गई है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जैम) के माध्यम से 35,700 से अधिक स्टार्टअप्स को जोड़ा गया है, जिन्हें 51,200 करोड़ से अधिक मूल्य के पांच लाख से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। इन प्रयासों के साथ मजबूत वित्तीय सहयोग भी दिया गया है। स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना के तहत वैकल्पिक निवेश कोषों के जरिए 25,500 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है, जिससे 1,300 से अधिक उद्यमों को लाभ मिला है। इसके अलावा, स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत 800 करोड़ से अधिक के बिना जमानत ऋण की गारंटी दी गई है।

945 करोड़ के परिव्यय वाली स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत स्टार्टअप्स को कॉन्सेप्ट की जाँच, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश और व्यवसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सांस्कृतिक बदलाव: भारतीय स्टार्टअप्स ने देश में एक बड़ा सांस्कृतिक परिवर्तन लाया है। पहले बच्चों को मुख्य रूप से सरकारी नौकरी, इंजीनियरिंग या चिकित्सा जैसे कुछ ही क्षेत्रों में जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता था। आज कई युवा नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने का सपना देख रहे हैं, और उनके परिवार भी उद्यमशील आकांक्षाओं का सम्मान करते हैं और उन्हें बढ़ावा देते हैं।

अंततः भारत की स्टार्टअप यात्रा: हमारे युवा उद्यमियों पर विश्वास, नीति-आधारित विकास और दुनिया के लिए नवाचार करने की भारत की क्षमता की कहानी है। 2047 तक एक विकसित देश बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए, स्टार्टअप्स समृद्ध, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारत के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते रहेंगे।

**– लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं**

# यथार्थवादी सामाजिक चेतना का सौंदर्यशास्त्र संदर्भ एंटोन चेखव



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

एंटोन चेखव (1860-1904) रूसी साहित्य के उन विरले रचनाकारों में हैं जिन्होंने बहुत कम शब्दों में जीवन की सबसे गहरी सच्चाइयों को व्यक्त किया। वे न केवल एक महान नाटककार थे, बल्कि आधुनिक लघुकथा को नई संवेदनशीलता और दिशा देने वाले कलाकार भी थे। चेखव की विशेषता यह है कि वे जीवन के शोर-शराबे और बड़े नाटकीय घटनाक्रमों से दूर रहकर साधारण, लगभग तुच्छ लगने वाली परिस्थितियों में छिपे मानवीय द्वंद्वों को उजागर करते हैं।

चेखव की रचनाओं में जटिल कथानक या चौंकाने वाले समाधान नहीं मिलते। उनके नाटक और कहानियाँ जीवन की तरह अधूरी, अनिश्चित और खुली हुई हैं। वे पाठक या दर्शक पर निष्कर्ष थोपने के बजाय उसे सोचने के लिए विवश करते हैं। इसी कारण उनकी कृतियों में एक उदास, करुण और कभी-कभी रहस्यमय-सा वातावरण बनता है, जो लंबे समय तक मन में बना रहता है।

नाटक के क्षेत्र में चेखव का प्रसिद्ध सिद्धांत चेखव की बंदूक उनके रचनात्मक अनुशासन को रेखांकित करता है। इसके अनुसार, कथा में कोई भी वस्तु, संकेत या संवाद अनावश्यक नहीं होना चाहिए। जो कुछ मंच या कहानी में आता है, उसका कोई न कोई अर्थ और प्रयोजन अवश्य होता है। यह सिद्धांत केवल तकनीकी नियम नहीं, बल्कि चेखव की कलात्मक ईमानदारी का प्रतीक है। चेखव ने अपने समय के रूसी समाज को बिना किसी अलंकारिक भाषा या बनावटी साहित्यिक उपकरणों के चित्रित किया। उनकी शैली सरल दिखती है, लेकिन उसी सरलता में गहरी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समझ निहित है। इसी कारण उन्हें उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध के रूसी यथार्थवाद का सबसे सशक्त और प्रभावशाली प्रतिनिधि माना जाता है-एक ऐसा यथार्थवाद जो शोर नहीं करता, बल्कि चुपचाप जीवन की सच्चाई सामने रख देता है।

उल्लेखनीय है कि उन्नीसवीं शताब्दी के महान रूसी लेखकों में एंटोन पाव्लोविच चेखव का स्थान विशिष्ट है। वे आधुनिक कथा और नाटक की संरचना को निर्णायक रूप से प्रभावित करने वाले साहित्यकार हैं उनकी रचनाएँ क्रांति-पूर्व ज़ारशाही रूस की सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक संरचनाओं का एक गहन और प्रामाणिक दस्तावेज़ भी प्रस्तुत करती हैं। यद्यपि चेखव को प्रायः अंकल वान्या, द चेरी ऑर्चर्ड, थ्री सिस्टर्स और द सीगल जैसे नाटकों के लिए जाना जाता है, तथापि उनका साहित्यिक कृतित्व मुख्यतः उनकी लघु कथाओं में निहित है, जिनमें वे साधारण रूसी जनजीवन की जटिलताओं को असाधारण कलात्मक सूक्ष्मता के साथ उद्घाटित करते हैं।

चेखव की कथात्मक विशेषता यह है कि वे पारंपरिक कथानक, नाटकीय मोड़ या निर्णायक अंत पर निर्भर नहीं रहते। उनकी रचनाएँ जीवन की भाँति अपूर्ण, अनिर्णीत और बहुधा अनिश्चित प्रतीत होती हैं। यही कारण है कि उनके पात्र किसी वैचारिक घोषणापत्र के वाहक नहीं बनते, बल्कि अपने समय और परिस्थितियों से निर्मित जीवित मनुष्य के रूप में सामने आते हैं।

चेखव का रचनात्मक ध्यान बाह्य घटनाओं की अपेक्षा पात्रों के आंतरिक जीवन पर केंद्रित है-उनकी दुविधाएँ, आत्मसंघर्ष, असंतोष, नैतिक भ्रम और अस्तित्वगत बेचैनी। वे विभिन्न सामाजिक वर्गों-दरिद्र किसानों, उभरते मध्यमवर्ग, प्रांतीय बुद्धिजीवियों, सरकारी कर्मचारियों, डॉक्टरों और शिक्षित पेशेवरों-के जीवन को बिना किसी आदर्शीकरण या नैतिक उपदेश के प्रस्तुत करते हैं। ज़ारशाही रूस की नीरसता, असमानता और संरचनात्मक अन्याय उनकी कहानियों में सहज रूप से अभिव्यक्त होते हैं।

सरल, संक्षिप्त और निर्वैयक्तिक भाषा के माध्यम से चेखव जटिल मानसिक अवस्थाओं को उद्घाटित करते हैं। उनके पात्र प्रायः आत्मसंदेह, हताशा और निरर्थकता-बोध से ग्रस्त दिखाई देते हैं। इस प्रकार, चेखव कथा-साहित्य को भावनात्मक अतिशयता से मुक्त कर उसे गहरे यथार्थबोध से संपृक्त करते हैं।

**सामाजिक संरचना और वर्गीय रूपांतरण**

चेखव की कहानी 'अन्ना अराउंड द नेक' इस संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अन्ना एक निर्धन परिवार से आई युवती है, जिसका विवाह एक वृद्ध, संपन्न और पदस्थ अधिकारी से होता है। यह विवाह प्रेम या मानवीय आत्मीयता पर नहीं, बल्कि आर्थिक विवशता और सामाजिक अवसरवाद पर आधारित है। आरंभ में अन्ना अपने जीवन से असंतुष्ट और दबी हुई प्रतीत होती है, किंतु जैसे-जैसे वह बुर्जुआ समाज के प्रभावशाली हलकों में प्रवेश करती है, वह स्वयं उसी वर्ग के मूल्यबोध और स्वार्थपरक जीवनशैली को आत्मसात कर लेती है।

यह कथा इस धारणा को खंडित करती है कि गरीबी स्वतः नैतिक शुद्धता की गारंटी होती है। चेखव भौतिकवादी दृष्टिकोण से यह स्पष्ट करते हैं कि मनुष्य का चरित्र उसकी सामाजिक परिस्थितियों और वर्गीय अवस्थिति से निर्मित होता है। इस अर्थ में चेखव का यथार्थवाद नैतिक नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और सामाजिक है। चेखव का लेखन उस कालखंड से संबद्ध है जब 1861 में दासप्रथा के उन्मूलन के बाद भी रूसी किसान वास्तविक मुक्ति से वंचित थे। जमींदारों, ज़ारशाही नौकरशाही और संपन्न किसानों (कुलकों) के शोषण ने उनकी स्थिति को और अधिक दयनीय बना दिया था। कहानी 'किसान' इस यथार्थ की सशक्त अभिव्यक्ति है। इसमें ग्रामीण जीवन की आर्थिक विपन्नता, सांस्कृतिक पिछड़ापन और नैतिक विघटन को निर्ममता से चित्रित किया गया है। चिकिल्डेयेव का अपने पैतृक गाँव लौटना, जो स्मृतियों में रमणीय था किंतु यथार्थ में अमानवीय गरीबी और हिंसा से भरा हुआ है, रूसी ग्रामीण जीवन के पतन का प्रतीक बन जाता है। यहाँ मद्यपान, घरेलू हिंसा, भूख, रोग और निराशा जीवन के सामान्य घटक हैं। चेखव इस दुर्दशा को न तो भावुक करुणा में बदलते हैं और न ही उसे किसी धार्मिक या नैतिक समाधान से ढँकते हैं।

यद्यपि चेखव बाद के जीवन में नास्तिक हो गए थे, उनकी रचनाओं में धर्म की भूमिका एक जटिल सामाजिक परिघटना के रूप में उपस्थित है। 'किसान' और 'इन द रेविन' जैसी कहानियों में धर्म, एक ओर पीड़ित मनुष्य के लिए सांत्वना और आश्रय का माध्यम है, तो दूसरी ओर सामाजिक जड़ता और अंधविश्वास का उपकरण भी। घोर निर्धनता में जी रहे किसानों के लिए धर्म आध्यात्मिक वोदका का कार्य करता है-जो क्षणिक राहत तो देता है, किंतु वास्तविक सामाजिक परिवर्तन की चेतना को कुंद कर देता है। चेखव यह संकेत करते हैं कि आध्यात्मिकता का यह रूप सामाजिक शोषण की स्थितियों में जन्म लेता है और उन्हीं को बनाए रखने में सहायक भी बनता है।

'इन द रेविन' में चेखव रूसी ग्रामीण समाज पर उभरते पूँजीवाद के विनाशकारी प्रभावों का विश्लेषण करते हैं। उद्योगों और व्यापारिक परिवारों का प्रसार न केवल प्राकृतिक पर्यावरण को नष्ट करता है, बल्कि सदियों से चले आ रहे ग्राम समुदाय के सामाजिक ताने-बाने को भी तोड़ देता है। चेखव के पात्र इन परिवर्तनों को न तो पूरी तरह समझ पाते हैं और न ही उनका प्रतिरोध कर पाते हैं। वे एक ऐसे संक्रमणकाल में फँसे हुए हैं जहाँ पुरानी संरचनाएँ टूट रही हैं, किंतु नई व्यवस्था अभी स्पष्ट नहीं हुई है। यह ऐतिहासिक अनिश्चय उनकी रचनाओं की गहरी बेचैनी का मूल स्रोत है।

यद्यपि चेखव स्वयं सक्रिय राजनीतिक विचारधारा से दूरी बनाए रखते थे, उनकी रचनाओं में ज़ारशाही रूस की संकीर्णता, निष्क्रियता और बौद्धिक जड़ता के प्रति गहरी असंतुष्टि स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। विशेषकर मध्यमवर्गीय बुद्धिजीवियों में व्याप्त नैतिक शून्यता और उद्देश्यहीनता उनके लेखन का केंद्रीय विषय है।

चेखव यह नहीं देख पाए कि जिस सामाजिक असंतोष और विघटन को वे कलात्मक रूप में दर्ज कर रहे थे, वह शीघ्र ही 1905 की क्रांति और अंततः 1917 की ऐतिहासिक क्रांति का रूप लेने वाला था। फिर भी, उनकी लघु कथाएँ उस ऐतिहासिक संक्रमण की संवेदनात्मक और सामाजिक पूर्वपीठिका को अत्यंत सूक्ष्मता से दर्ज करती हैं। इस प्रकार, एंटोन चेखव की लघु कथाएँ केवल साहित्यिक कृतियाँ नहीं, बल्कि क्रांति-पूर्व रूस के सामाजिक यथार्थ, वर्गीय तनाव और मानवीय संकट का एक गहन और विश्वसनीय ऐतिहासिक साक्ष्य हैं।

## विदेश की खबरें

### रूस ने जासूसी के आरोप में ब्रिटिश राजनयिक को निष्कासित किया

**मॉस्को :** रूस ने जासूसी के आरोपों की वजह से मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास में कार्यरत एक राजनयिक को बृहस्पतिवार को देश छोड़ने का आदेश दिया। रूस की ओर से यह कदम रूसी खुफिया एजेंसी एफएसबी द्वारा दूतावास में कार्यरत अधिकारी का संबंध ब्रिटिश खुफिया एजेंसी से स्थापित करने के बाद उठाया गया। संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने कहा कि मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास में सचिव के पद पर कार्यरत गैरेथ सैमुअल डेविस ब्रिटेन की गुप्त सेवाओं के लिए काम कर रहे हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश दूतावास की प्रभारी डेने ढोलकिया को औपचारिक विरोध दर्ज कराने और संदिग्ध जासूस के दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने के आदेश से अवगत कराने के लिए तलब किया था। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'मॉस्को रूसी धरती पर ब्रिटिश विशेष सेवाओं के अघोषित एजेंटों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा।' इसमें कहा गया है कि रूसी सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाती है।

### पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा में जांच चौकी पर हमला, दो आतंकवादी मारे गए

**पेशावर :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बृहस्पतिवार को आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में कम से दो आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने डेरा इस्माइल खान जिले में पुलिस जांच चौकी पर हमला किया, जिसे पुलिस की समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के कारण सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान हुई भीषण गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने जांच चौकी पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। इस हमले में एक सिपाही घायल हो गया। जिला पुलिस अधिकारी सज्जाद अहमद साहिबजादा स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की अतिरिक्त टुकड़िया मौके पर भेजी गई हैं। इस बीच, एक अलग घटना में, आतंकवादियों ने बन्नू केंद्रीय कारागार के मुख्य द्वार पर हथगोले से हमला किया।

## वर्ग पहेली नं. 3323



*बायें से दायें:-* 1) व्यर्थ, 4) भेदभाव, 6) नशा, 7) एक देवांगना, 9) प्रतिलिपि, 10) आगामी, 11) पनडुब्बा, 13) चिपकाना, 14) लज्जित, 16) समाप्ति, 17) अल्प, 18) पेंदा, 19) उत्तराधिकारी, 21) चावल का छोटा टुकड़ा, 23) एक लचीला पदार्थ, 25) मृत्युपत्र, 26) प्रेमासक्त.

*ऊपर से नीचे:-* 1) उदास, 2) विरेचक औषध, 3) छोर, 4) पेड़ के सूखे पत्ते, 5) लहर, 8) बरछा, 10) एक मसालेदार जड़, 12) बुनावट, 13) किसी वस्तु का ऊपरी भाग, 14) एक दिन, 15) मेघविद्युत, 16) समावेश, 17) नीचे, 20) रगड़ना, 21) करेला नीम चढ़ा, 22) निर्णीत, 24) ख़राबी; बुराई

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | ■ | च | ना | ■ | ■ | औ | स | त | न |
| रु | ■ | म | द | द | गा | र | ■ | स | ■ |
| आ | तं | क | ■ | ह | रा | ■ | त | ल्ली | न |
| ती | ■ | द | बै | ल | ■ | ज | ड़ | ■ | वी |
| ■ | ■ | म | ■ | ना | प | ■ | प | ल | क |
| बि | द | क | ना | ■ | ल | जा | ना | ■ | र |
| दा | ह | ■ | प | ल | ट | न | ■ | बा | ण |
| ■ | क | था | ■ | ग | ■ | की | र्त | न | ■ |
| अ | ना | प | श | ना | प | ■ | ■ | गी | ता |

## सुडोकू-पहेली-3281

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | | 2 | | | | | |
| | | 2 | 8 | | | | | 4 |
| 9 | | | | | 5 | 6 | 8 | |
| 4 | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | | | | |
| | | 5 | | 6 | | | 9 | |
| | | 3 | | | | | | |
| | 1 | | | 9 | | | 7 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3280 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 |

# गंगासागर मेला : श्रद्धालुओं के आगमन का रिकॉर्ड, 1.30 करोड़ तीर्थयात्री पहुंचे



**सागर, समाज्ञा :** इस वर्ष गंगासागर मेले में तीर्थयात्रियों के आगमन ने नया रिकॉर्ड कायम किया है। गुरुवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में राज्य के मंत्री अरूप विश्वास ने बताया कि गंगासागर मेले में कुल 1.30 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। पत्रकार वार्ता में सुंदरबन विकास मंत्री एवं स्थानीय विधायक बंकिमचंद्र हाजरा, कई विभागों के सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने गंगासागर मेले को सुरक्षित और सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया। गंगासागर मेला समिति के चेयरमैन सुरिंदर गुप्ता ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में यह मेला और अधिक सफल होगा। मंत्री अरूप विश्वास ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा पंचायत विभाग के सहयोग से इस वर्ष गंगासागर मेला को हरित और प्लास्टिक-मुक्त मेला बनाने में सफलता मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने के बावजूद केंद्र सरकार गंगासागर मेले को राष्ट्रीय मेला घोषित नहीं कर रही है और न ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जबकि मुख्यमंत्री कई बार इस मांग को उठा चुकी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री की लगातार निगरानी और उनके निर्देशों के अनुसार मंत्री, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण अब तक मेला अत्यंत शांतिपूर्ण और सुरक्षित बना हुआ है। श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की एक विशेष पहल रही बंधन फोटो बूथ, जिसके माध्यम से लगभग 11 लाख तीर्थयात्रियों को निशुल्क उनके फोटो सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अब तक 456 जेबकतरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें से 438 मामलों में खोई हुई वस्तुएं बरामद कर संबंधित लोगों को लौटा दी गईं। विभिन्न आपराधिक मामलों में 895 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मेले के दौरान 6632 तीर्थयात्री अपने परिजनों से बिछड़ गए थे, जिनमें से 6627 लोगों को पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों की मदद से उनके परिवारों से मिलाया गया। समुद्र में स्नान के दौरान हार्ट अटैक से दो तीर्थयात्रियों की मृत्यु हुई–एक असम और एक बिहार के निवासी थे। अब तक 5 गंभीर रूप से बीमार तीर्थयात्रियों को एयरलिफ्ट कर कोलकाता के एम. आर. बांगुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नवान्न ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को तबादला प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी



**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकार ने तीन वर्ष या उससे अधिक समय से एक ही पद पर तैनात पुलिस अधिकारियों के तबादले का निर्णय लिया है। राज्य सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में औपचारिक अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी। यह निर्देश उन पुलिस अधिकारियों पर लागू होगा, जो अपने गृह जिले में कार्यरत हैं या लंबे समय से एक ही पद पर तैनात हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस संबंध में आदेश पहले ही सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भेज दिए गए हैं। चुनाव आयोग की 21 दिसंबर 2023 और 23 दिसंबर 2008 की गाइडलाइंस के अनुसार, उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) रैंक से ऊपर के वे सभी पुलिस अधिकारी, जो निर्धारित मानकों के अंतर्गत आते हैं, अनिवार्य रूप से तबादले के दायरे में आएंगे। राज्य सरकार के सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में तबादला प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत दक्षिण बंगाल के एडीजी और आईजीपी को अपनी जिम्मेदारियों के अलावा विधाननगर, बैरकपुर और हावड़ा पुलिस आयुक्तालयों की देखरेख का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह पश्चिमी जोन के एडीजी और आईजीपी को अपने क्षेत्र के साथ-साथ आसनसोल-दुर्गापुर और चंदननगर पुलिस आयुक्तालयों की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि उत्तर बंगाल क्षेत्र के आईजीपी सिलिगुड़ी पुलिस आयुक्तालय की निगरानी करेंगे। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि चुनाव आयोग के आदेशों का पूरी तरह और सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की स्पष्टीकरण या व्याख्या की आवश्यकता होने पर तुरंत पश्चिम बंगाल के एडीजी व आईजीपी (कानून) या एडीजी व आईजीपी (कानून-व्यवस्था) से संपर्क करने को कहा गया है। सभी तबादला आदेश जारी होने के बाद, की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट 24 जनवरी तक पुलिस निदेशालय और संबंधित उच्च अधिकारियों को सौंपनी होगी।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने कोलकाता के विभिन्न इलाकों में की छापेमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक खनन कंपनी द्वारा कथित तौर पर ऋण धोखाधड़ी करने और यूको बैंक को 7.25 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में गुरुवार को कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि शहर के न्यू अलीपुर इलाके में एक व्यवसायी के आवास और न्यूटाउन सहित अन्य स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि सीबीआई की पांच टीम ने न्यूटाउन के अलावा, न्यू अलीपुर क्षेत्र में भूखंड संख्या- 28 पर स्थित एक बहुमंजिला आवासीय परिसर की पांचवीं मंजिल पर भी तलाशी अभियान को अंजाम दिया। माना जा रहा है कि यह परिसर स्वाति माइनिंग कंपनी के प्रवर्तकों और जमानतदारों अमित कुमार केजरीवाल और सरवन कुमार केजरीवाल से जुड़ा हुआ है। एक अधिकारी ने कहा कि इस समन्वित अभियान का उद्देश्य जांच से संबंधित दस्तावेजी साक्ष्य और अन्य सामग्री एकत्र करना है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक उद्देश्य वित्तीय धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल धन के प्रवाह और इसके अंतिम उपयोग का पता लगाना है। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आए, इसके लिए केंद्रीय बलों के जवान सीबीआई अधिकारियों के साथ मौजूद हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले से संबंधित विशिष्ट सूचना मिलने के बाद छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। उन्होंने कहा कि यह मामला 2016 में लिए गए ऋण से संबंधित कथित धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ा हुआ है। इस मामले में 2023 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## शुभेंदु को वर्चुअल पेशी की अनुमति, आईपीएस प्रसून बनर्जी से जुड़े 'आपत्तिजनक टिप्पणी' मामले में हाईकोर्ट का निर्देश

❑ **मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को**



**कोलकाता :** आईपीएस प्रसून बनर्जी से जुड़े कथित 'आपत्तिजनक टिप्पणी' मामले में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को बड़ी राहत मिली है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने का निर्देश दिया है। हालांकि, अदालत ने जांच के हित में शुभेंदु को सहयोग करने का आदेश भी दिया है। जरूरत पड़ने पर वह वर्चुअल माध्यम से पेशी दे सकते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से अदालत या थाने में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। यह निर्देश न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने गुरुवार को दिया। मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

गौरतलब है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मालदा उत्तर सीट से भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद खगेन मुर्मू के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की ओर से आईपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी उम्मीदवार बने थे। राजनीतिक मैदान में उतरने के लिए उन्होंने उस समय पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया था।

इसी संदर्भ को लेकर 2 जनवरी को चांचल में आयोजित एक जनसभा के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व आईपीएस अधिकारी पर तीखी टिप्पणी की थी। आरोप है कि मंच से उन्होंने प्रसून बनर्जी के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के सह-सभापति प्रसून बनर्जी ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

प्रसून बनर्जी का आरोप था कि शुभेंदु अधिकारी ने सार्वजनिक मंच से उनके खिलाफ मानहानिकारक और निराधार बयान दिए, जिससे समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, उन्होंने संप्रदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणियों का भी आरोप लगाया। इस शिकायत के आधार पर चांचल थाने की पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को तलब किया था, जिसके बाद वह हाईकोर्ट पहुंचे।

हाईकोर्ट के इस आदेश से विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को फिलहाल काफी राहत मिली है।

## आज मुख्यमंत्री ममता उत्तर बंगाल दौरे पर होंगी रवाना, महाकाल मंदिर का करेंगी शिलान्यास



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 16 जनवरी से शुरू हो रहे तीन दिवसीय उत्तर बंगाल दौरे को लेकर सिलीगुड़ी में प्रशासन और पार्टी संगठन पूरी तरह तैयार है। शहर भर में स्वागत की तैयारियां चल रही हैं, वहीं सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए पहली बार पूरे दौरे के दौरान ड्रोन से भी निगरानी होगी। माटीगाड़ा और उत्तरकन्या में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, उत्तरकन्या के आसपास रास्ते बंद रहेंगे। माटीगाड़ा में महाकाल मंदिर शिलान्यास स्थल को सुरक्षा घेरे में लिया गया है। ट्रैफिक विभाग को जाम-मुक्त आवागमन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, मालवाहक वाहनों पर रोक बढ़ाई गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिलीगुड़ी पहुंचेंगी, महाकाल मंदिर शिलान्यास के बाद उत्तरकन्या में रात्रि विश्राम करेंगी। वहीं, शनिवार को जलपाईगुड़ी में हाईकोर्ट सर्किट बेंच के नए भवन का उद्घाटन में शामिल होंगी।

## राज्य की शर्तों को हाईकोर्ट की प्राथमिकता, नवान्न के सामने नहीं, अन्य स्थान पर धरने पर 'समझौता' शुभेंदु का

❑ **कई शर्तों के साथ शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा भाजपा का धरना**

**कोलकाता :** आई-पैक मामले में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा नवान्न के सामने धरना देने की अनुमति की मांग पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की शर्तों को प्राथमिकता दी है। नवान्न को 'हाई सिक्योरिटी जोन' बताते हुए उसके सामने धरने की अनुमति पर संदेह जताया गया। गुरुवार को अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि शुभेंदु अधिकारी अपनी पसंद की जगह पर नहीं, बल्कि अदालत द्वारा निर्धारित मंदिरतला बस स्टैंड पर धरना दे सकते हैं। यह धरना शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

हालांकि, सिंगल बेंच के इस आदेश से असंतुष्ट भाजपा ने डिवीजन बेंच में जाने का फैसला किया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय एजेंसियों की जांच में बाधा डालने के आरोपों को लेकर नवान्न के सामने धरने की अनुमति मांगते हुए शुभेंदु अधिकारी हाईकोर्ट पहुंचे थे। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने धरने के लिए कई शर्तें तय कीं। शर्तों के अनुसार- धरना नवान्न के सामने नहीं, बल्कि उससे कुछ दूरी पर स्थित मंदिरतला बस स्टैंड पर होगा। धरना मंच का आकार 12 फुट ÷ 15 फुट से अधिक नहीं होगा। माइक्रोफोन के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। 50 से अधिक विधायकों की मौजूदगी नहीं रहेगी। धरना स्थल से किसी प्रकार का भड़काऊ भाषण नहीं दिया जाएगा और सामान्य जनजीवन बाधित नहीं किया जाएगा।

अदालत के निर्देशानुसार धरना 16 जनवरी को निर्धारित समय के भीतर होगा। वहीं, भाजपा सूत्रों के मुताबिक, न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष द्वारा लगाई गई इन शर्तों को चुनौती देते हुए पार्टी डिवीजन बेंच का रुख करेगी।

## एसआईआर : जादवपुर में एक बीएलओ का फंदे से लटका मिला शव

❑ **मुर्शिदाबाद में सुनवाई का नोटिस मिलने के बाद वृद्ध की मौत**

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** राज्य के कोलकाता में एक बूथ-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और मुर्शिदाबाद जिले में एक वृद्ध की गुरुवार को राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनीक्षण (एसआईआर) से संबंधित कथित दबाव के कारण मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बीएलओ की पहचान अशोक दास के रूप में हुई है, जो दक्षिण कोलकाता के मुकुंदपुर इलाके में अपने आवास पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर स्थित बहारू हाई स्कूल में सहायक शिक्षक अशोक दास को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि एसआईआर से संबंधित कार्यों के कारण उनपर अत्यधिक दबाव था। उन्होंने कहा कि राज्य में चल रहे एसआईआर प्रक्रिया के तहत उन्हें पूर्व जादवपुर के चित कालिकापुर एफपी स्कूल में बूथ नंबर 110 के लिए बीए-लओ के रूप में तैनात किया गया था। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने दास के आवास का दौरा किया और स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

दूसरी घटना में, मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज के पुतु शेख (60) के परिवार ने आरोप लगाया कि एसआईआर सुनवाई नोटिस के दबाव के कारण उनकी मृत्यु हुई। परिजनों के अनुसार, एसआईआर सुनवाई के नोटिस कई सदस्यों को जारी किए गए थे और कम से कम एक नोटिस में मृतक के नाम की वर्तनी गलत लिखी हुई थी। परिवार के अन्य सदस्य गुरुवार को सुनवाई में शामिल होने गए, जबकि शेख घर पर अकेले रहे और खबरों के मुताबिक, उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों की जांच जारी है।

## एसआईआर : तृणमूल के राज्यसभा सदस्य समीरुल इस्लाम को सुनवाई का नोटिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को राज्य की मतदाता सूची के मसौदे पर आपत्ति और दावों पर सुनवाई के लिए तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य समीरुल इस्लाम को नोटिस जारी किया। जानकारी मिली है कि समीरुल इस्लाम को तार्किक विसंगति के मामले में सुनवाई का नोटिस दिया गया है, क्योंकि वर्तमान मतदाता सूची में उनका और उनके पिता का नाम 2002 की वोटर लिस्ट से मेल नहीं खाता है। उन्हें 19 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे सुनवाई के लिए उपस्थित होने को कहा गया है। समीरुल इस्लाम बीरभूम जिले के हंसन विधानसभा क्षेत्र से मतदाता हैं। समीरुल ने सुनवाई के नोटिस की प्राप्ति की पुष्टि की है। बता दें कि समीरुल इस्लाम सुनवाई के लिए नोटिस पाने वाले दूसरे तृणमूल कांग्रेस सांसद हैं। इससे पहले, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटाल निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के तीन बार के लोकसभा सांसद और अभिनेता से राजनेता बने दीपक अधिकारी उर्फ देव को भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया था।

Office of
Salboni Development Block
Salboni, Paschim Medinipur
**E-TENDER NOTICE**
031/BDO/SALBONI/e NIT 2025-26
Dated-13.01.2026
e-tender is invited by the B.D.O. Salboni Development Block for a civil work under Salboni Development Block For details pl visit: www.wbtenders.gov.in & www.salboni.in
Bid Publishing date: 13.01.2026
Bid Closing date: 27.01.2026
Bid Opening date: 29.01.2026
Sd/-
Block Development Officer
Salboni Development Block

Office of
Salboni Development Block
Salboni, Paschim Medinipur
**E-TENDER NOTICE**
043/BDO/SALBONI/e NIT 2025-26
Dated-13.01.2026
e-tender is invited by the B.D.O. Salboni Development Block for 25 nos Civil works under Salboni Development Block For details pl visit: www.wbtenders.gov.in & www.salboni.in
Bid Publishing date: 14.01.2026
Bid Submission Start Date.14.01.2026
Bid Closing date: 27.01.2026
Bid Opening date: 29.01.2026
Sd/-
Block Development Officer
Salboni Development Block

## राज्य के कई जिलों में घने कोहरे की चेतावनी, न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री वृद्धि की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ दिनों के दौरान राज्य के कई जिलों में सुबह के समय 'घना कोहरा' छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है जिससे दृश्यता घटकर 200 मीटर से भी कम रह सकती है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में बताया कि राज्य के कई जिलों में जारी कड़ाके की ठंड से फिलहाल मामूली राहत मिल सकती है और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। बुलेटिन के अनुसार, इसके साथ ही अगले सात दिनों तक राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर और मालदा जिले में घना कोहरा छाए रहने की संभावना अधिक है। वहीं, दक्षिण बंगाल के पश्चिम और पूर्व बर्दवान, बीरभूम, मुर्शिदाबाद, नदिया, हुगली और उत्तर 24 परगना जिले में भी कोहरे का असर देखने को मिलेगा।

**हावड़ा–आनंद विहार (टी)–हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत**
परिशिष्ट
**हावड़ा–आनंद विहार (टी) – हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत** के संबंध में पूर्व में प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि 03065 **सांतरागाछी–आनंद विहार (टी) अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल** ट्रेन अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर भी निम्नलिखित समयसूची के अनुसार रुकेगी:
● **अनुग्रह नारायण रोड: आगमन:** 00.38 बजे, **प्रस्थान:** 00.40 बजे। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर हावड़ा–बाड़मेर–हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव**
यात्रियों की सुविधा के लिए, 12323/12324 **हावड़ा–बाड़मेर–हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** प्रायोगिक आधार पर **महेन्द्रगढ़** स्टेशन पर निम्नानुसार रुकेगी:

| ट्रेन नं. और नाम | महेन्द्रगढ़ में समयसूची | | जिस तिथि से ठहराव प्रभावी |
|---|---|---|---|
| | आ. | प्र. | |
| 12323 हावड़ा–बाड़मेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 20.01.2026) | 18.00 | 18.02 | 21.01.2026 |
| 12324 बाड़मेर–हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 21.01.2026) | 04.28 | 04.30 | 22.01.2026 |

अन्य सभी स्टेशनों पर ऊपर उल्लिखित ट्रेनों की समयसूची अपरिवर्तित रहेगी।
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कोलकाता में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने ललित कला अकादमी के नए भवन का किया उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को कोलकाता स्थित ललित कला अकादमी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने अपने संबोधन की शुरुआत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की। उन्होंने कहा कि बंकिमचंद्र के 'वंदे मातरम्' के उद्घोष ने समस्त भारतीयों को एक सूत्र में बांधा है और इसी मंत्र को हृदय में धारण कर अनेक वीरों ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' का सपना केवल आर्थिक, राजनीतिक या सैन्य प्रगति से ही पूरा नहीं होगा, बल्कि इसके लिए देश का सांस्कृतिक उत्थान भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन से प्राचीनतम कला और धरोहरों को सहेजकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखना होगा, ताकि हमारी सांस्कृतिक पहचान विश्व पटल पर और अधिक सशक्त हो सके। केंद्रीय मंत्री ने महान कलाकार नंदलाल बोस और रामकिंकर बैज के अतुलनीय योगदान को भी स्मरण किया। ललित कला अकादमी के नए भवन के उद्घाटन को उन्होंने एक नए युग की शुरुआत बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से भारत अपनी कला और संस्कृति की विशिष्ट पहचान विश्व मंच पर स्थापित करेगा।

## बड़ाबाजार में एक रासायनिक गोदाम में आग लगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में बड़ाबाजार इलाके में गुरुवार की दोपहर एक रासायनिक गोदाम में आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 2.45 बजे बॉनफील्ड रोड के पास स्थित गोदाम से घना काला धुआं उठता हुआ देखा गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा कि अंदर बड़ी मात्रा में रसायनों का भंडार होने के कारण आग तेजी से फैल गई।

अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में, दो दमकल गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगाई गईं। बाद में, आग तेज होने पर सात गाड़ियों को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि गोदाम में रासायनिक पदार्थ होने के कारण आग बुझाने के लिए पानी के बजाय फोम का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह गोदाम घनी आबादी वाले इलाके में स्थित है और एहतियात के तौर पर आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

## एसआईआर : कर्मियों की सुनिश्चित की जाए सुरक्षा, राज्य के सीईओ ने डीजीपी से की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का से तृणमूल विधायक मोनिरुल इस्लाम के नेतृत्व में उग्र भीड़ ने फरक्का ब्लॉक विकास कार्यालय (बीडीओ)और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के कक्ष में तोड़फोड़ की। इसके बाद, बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद, राज्य चुनाव आयोग ने डीजीपी से सुरक्षा की मांग की। राज्य के डीजीपी, एसपीएनओ और एडीजी पश्चिम बंगाल, जिलाधिकारी और डीईओ मुर्शिदाबाद से एसआईआर 2026 से संबंधित ड्यूटी करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

## टीएमसी के पास आई-पैक मामले में ईडी की छापेमारी से संबंधित 'कुछ जानकारी' : अभिषेक बनर्जी



**पूर्व मेदिनीपुर :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि पार्टी के पास पिछले सप्ताह राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कोलकाता कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई तलाशी से संबंधित कुछ जानकारी है। तृणमूल कांग्रेस के नेता ने कहा कि मामले की आगे की कार्यवाही के दौरान इस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आई-पैक के सह-संस्थापक प्रतीक जैन के आवास और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार को न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए, अभिषेक बनर्जी ने कहा कि आदेश का पालन करने में कोई कठिनाई नहीं है। इस दिन, तृणमूल नेता ने नंदीग्राम के 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविर में पत्रकारों से कहा कि अगर न्यायालय ने निर्देश दिया है, तो इसमें क्या समस्या है? मामला जारी रहेगा और अभी समाप्त नहीं हुआ है। अगली सुनवाई की तारीख पर हम अपना पक्ष फिर से रखेंगे। केंद्रीय एजेंसी के आचरण का जिक्र करते हुए, तृणमूल सांसद ने कहा कि तलाशी से संबंधित कुछ तथ्य उनकी पार्टी को भी ज्ञात थे और यदि आवश्यक हो तो उन्हें अदालतों के समक्ष रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तलाशी से संबंधित कुछ जानकारी हमारे पास भी है। यदि कलकत्ता उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के समक्ष कोई गलत बयान दिए गए हैं, तो उन पहलुओं को उचित समय पर न्यायालयों के समक्ष लाया जा सकता है।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# 23 जनवरी को नहीं होगी जेईई मेन परीक्षा, सुकांत मजूमदार के हस्तक्षेप से बदली तारीख

**कोलकाता :** जेईई मेन परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 23 जनवरी को आयोजित होने वाली थी, लेकिन अब उस दिन परीक्षा नहीं होगी। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के हस्तक्षेप के बाद यह निर्णय लिया गया।



23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के साथ-साथ सरस्वती पूजा भी होने के कारण परीक्षा की तारीख को लेकर राज्य और केंद्र के बीच मतभेद उभर आए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए सुकांत मजूमदार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को पत्र लिखकर परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम बंगाल के अभ्यर्थियों से 23 जनवरी 2026 को सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर प्राप्त आवेदनों के मद्देनज़र यह निर्णय लिया गया है कि 23 जनवरी 2026 को पश्चिम बंगाल में गएए मेन परीक्षा देने वाले सभी उम्मीदवारों को जेईई (मेन) 2026 सत्र-1 के लिए पहले से घोषित तारीखों में से किसी अन्य दिन परीक्षा की नई तिथि आवंटित की जाएगी।

एनटीए ने स्पष्ट किया है कि 23 जनवरी 2026 को पश्चिम बंगाल में जेईई मेन परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी और प्रभावित अभ्यर्थियों को वैकल्पिक तिथि की जानकारी समय पर दी जाएगी।

## मेरे हस्तक्षेप से टली 23 जनवरी को होने वाली जेईई की परीक्षा : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा राज्य में जेईई मेन की परीक्षा की तारीख टाले जाने के बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनके हस्तक्षेप के बाद सरकार और एनटीए ने यह फैसला लिया है। इस दिन, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखकर कहा कि पहले भारत सरकार/राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा 23 जनवरी को निर्धारित की थी, जो नेताजी की जयंती और सरस्वती पूजा का दिन है, जिसे छात्र श्रद्धा-पूर्वक मनाते हैं। इससे हमारे छात्रों को परेशानी होती, तो ऐसे में मैंने विरोध करते हुए इसमें बदलाव की मांग की। ममता ने कहा कि मेरे हस्तक्षेप के कारण भारत सरकार/राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने हमारे छात्रों के लिए परीक्षा की एक वैकल्पिक तिथि की व्यवस्था की है ताकि उन्हें उस दिन देवी सरस्वती की पूजा करने का अवसर मिल सके।

# शुभेंदु के काफिले पर हमला: 'एक ही घटना में अलग-अलग नतीजे क्यों?'

## पुलिस की निष्पक्षता पर फिर हाईकोर्ट में भाजपा

**कोलकाता :** चंद्रकोणा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हुए हमले के मामले में भाजपा ने एक बार फिर कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। भाजपा का आरोप है कि एक ही घटना में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामले दर्ज कर पुलिस ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है।

भाजपा के अनुसार, बीते शनिवार पुरुलिया से लौटते समय चंद्रकोणा रोड पर शुभेंदु अधिकारी का काफिला प्रदर्शन के कारण रुक गया। आरोप है कि उन्हें स्वागत करने के लिए सड़क के दोनों ओर खड़े



भाजपा कार्यकर्ताओं पर तृणमूल समर्थकों ने हमला किया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

हालांकि भाजपा का दावा है कि पुलिस ने घायल भाजपा समर्थकों के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया, जबकि तृणमूल समर्थकों के खिलाफ केवल जमानती धाराएं लगाई गईं। इसी को आधार बनाकर भाजपा ने संबंधित एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने मामले में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है। भाजपा का सवाल है, एक ही घटना में एक यात्रा के अलग-अलग नतीजे क्यों? पार्टी का आरोप है कि राज्य की पुलिस शासक दल की दलगत हितों की सेवक बन गई है और हमला भाजपा कार्यकर्ताओं पर होने के बावजूद गिरफ्तारी और कठोर कानूनी धाराओं का सामना उन्हें ही करना पड़ रहा है।

## निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने महिलाओं के स्वास्थ्य समर्थन हेतु शुरू की 'पिंक (पीरियड) लीव'

**कोलकाता, समाज्ञा :** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए 'पिंक (पीरियड) लीव' नीति की शुरुआत की है। इस नई नीति के तहत निवा बूपा की सभी महिला कर्मचारी हर माह एक दिन की पिंक लीव की पात्र होंगी। यह अवकाश पीरियड के दौरान होने वाली असुविधाओं जैसे दर्द, माइग्रेन, मतली और थकान को ध्यान में रखते हुए दिया जाएगा। यह लीव प्रत्येक माह की शुरुआत में क्रेडिट होगी और उपयोग न होने पर माह के अंत में समाप्त हो जाएगी। कंपनी के डायरेक्टर, चीफ सस्टेनेबिलिटी एवं एचआर ऑफिसर तरुण कात्याल ने कहा कि पिंक लीव महिलाओं के स्वास्थ्य को व्यावहारिक रूप से समर्थन देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हावड़ा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान, 446 मामलों में की गई कार्रवाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा हावड़ा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 35 टिकट जांच कर्मियों (टीटीई) तथा आरपीएफ के दो जवानों की संयुक्त टीम ने स्टेशन परिसर में व्यापक जांच की। जांच के दौरान कुल 446 मामलों में टिकट संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। इनमें 327 मामले बिना टिकट यात्रा, 88 मामले बिना बुक किए सामान के परिवहन और 31 मामले गंदगी फैलाने से संबंधित थे। रेलवे नियमों के अनुसार सभी दोषियों पर जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई स्टेशन परिसर में अनुशासन, स्वच्छता और निष्पक्षता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। हावड़ा मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान वैध टिकट लेकर चलें, सामान विधिवत बुक कराएं और रेलवे नियमों का पालन करें। यात्रियों को सुविधाजनक ऑनलाइन टिकटिंग के लिए रेलवन ऐप के उपयोग की भी सलाह दी गई है।

## पूर्व रेलवे के प्रमुख खंडों में 'कवच' प्रणाली लगाने को रेल मंत्री की मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेल सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेल मंत्री ने पूर्वी रेलवे के नेटवर्क पर शेष 443 रूट किमी अनावृत खंडों में स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली 'कवच' की स्थापना के कार्य को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर लगभग 223.83 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत हावड़ा-सांतरागाछी, लिलुआ-बेलूर मठ, तारकेश्वर-गोघाट, मयनापुर-बिष्णुपुर, रामपुरहाट-दुमका, अजीमगंज-मुर्शिदाबाद, लक्ष्मीकांतपुर-नामखाना, कांकुरगाछी-बालीगंज, कल्याणी-



कल्याणी सिमंता, कृष्णानगर जंक्शन-आमघाटा, कृष्णानगर सिटी-लालगोला, मुर्शिदाबाद-अजीमगंज, आसनसोल-बर्नपुर, बराचक-हिरापुर तथा बख्तर नगर-अंडाल जैसे महत्वपूर्ण खंड शामिल हैं।

यह कार्य भारतीय रेल की व्यापक परियोजना भारतीय रेल के शेष मार्गों पर एलटीई आधारित संचार नेटवर्क के साथ कवच की स्थापना (अम्ब्रेला वर्क 2024-25) के तहत किया जा रहा है, जिसकी कुल स्वीकृत लागत 27,693 करोड़ रुपये है। इसके अंतर्गत पूर्वी रेलवे के लिए 896 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस परियोजना के पूरा होने के बाद पश्चिम बंगाल स्थित पूर्वी रेलवे का संपूर्ण नेटवर्क 'कवच' प्रणाली से आच्छादित हो जाएगा। यह उन्नत सुरक्षा तकनीक ट्रेन टक्कर और ओवरस्पीडिंग को रोकने में सहायक होगी तथा यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ रेल संचालन की विश्वसनीयता को और सुदृढ़ करेगी।

## ओम व्यासायिक संघ की गंगासागर सेवा शिविर में में भंडारे का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा के उद्देश्य से आउट्राम घाट पर आयोजित ओम व्यासायिक संघ की सेवा शिविर में गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा सुबह से संचालित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने प्रसाद रूप में भोजन ग्रहण किया। कलकत्ता के विशिष्ट समाजसेवी के रूप में काम कर रहे राजेंद्र जायसवाल एवं राजू जी की तरफ से भंडारा का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल, सीताराम गुप्ता, राजेंद्र जायसवाल, राजू जी, विकास जायसवाल, अशोक शाह, राजीव जायसवाल, तारक नाथ जायसवाल एवं राकेश जायसवाल की सक्रिय सहभागिता रही।

## हावड़ा से हैदराबाद जा रही ट्रेन में बड़ी कार्रवाई, चार बाल तस्कर गिरफ्तार, पांच बच्चे मुक्त



**हावड़ा, समाज्ञा :** हैदराबाद जा रही ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस में शालीमार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की एस्कॉर्ट टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार बाल तस्करों को गिरफ्तार किया है तथा पांच नाबालिग बच्चों को सुरक्षित मुक्त कराया है। तस्कर इन बच्चों को काम दिलाने के नाम पर सिकंदराबाद और हैदराबाद ले जाने की योजना बना रहे थे। यह कार्रवाई शालीमार आरपीएफ इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में एएसआई एस.के. भूनिया और कांस्टेबल रिंकी कुमारी की टीम द्वारा की गई।

बरामद बच्चों में दो बिहार के मधुबनी जिले के निवासी हैं, जबकि अन्य तीन पश्चिम बंगाल के नदिया, मुर्शिदाबाद और पूर्व मेदिनीपुर जिलों से हैं। आरपीएफ सूत्रों के अनुसार, ट्रेन के शालीमार से रवाना होने के बाद बच्चों की तस्करी की सूचना मिली, जिसके बाद कोच एस-1, एस-2 और बी-4 में तलाशी अभियान चलाया गया।

पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें तीन से छह हजार रुपये मासिक वेतन का लालच देकर ले जाया जा रहा था। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपियों और बच्चों को खड़गपुर जीआरपी के हवाले कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में शालीमार आरपीएफ ने बाल तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए कई बच्चों को सुरक्षित बचाया और तस्करों को गिरफ्तार किया है।



पंचद्वीप कंस्ट्रक्शंस प्रा. लि. के चीफ़ मैनेजिंग डायरेक्टर और वरिष्ठ व्यवसायी राम रतन चौधरी को गुरुवार को सम्मान देते हुए और रक्त दान का आमंत्रण देते हुए सहस्रार्जुन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष विकास जायसवाल एवं रक्त दान शिविर के को चेयरमैन हरीश जायसवाल और रक्त दान सिविर के कन्वेनर मनोज गुप्ता, शैलेंद्र जायसवाल और राजीव जायसवाल।

## आधुनिक सुविधाओं के साथ नवीनीकृत महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन फिर खुला

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लू लाइन पर स्थित महानायक उत्तम कुमार (टॉलीगंज) मेट्रो स्टेशन के नवीनीकरण कार्य के पूरा होने के बाद गुरुवार को इसे पुनः यात्रियों के लिए समर्पित कर दिया गया। इस अवसर पर बच्चों और महिला यात्रियों द्वारा फीता काटकर स्टेशन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में कोलकाता मेट्रो रेल के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। नवीनीकरण के तहत स्टेशन भवन और सबवे का आधुनिक रूप से कायाकल्प किया गया है, जिससे स्टेशन की पहचान और थीम के अनुरूप नया स्वरूप सामने आया है। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और आवाजाही को सुगम बनाने के लिए प्रवेश द्वारों का पुनर्विन्यास



किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से स्टेशन पर अतिरिक्त लगेज स्कैनर और डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों की जांच प्रक्रिया अधिक तेज और प्रभावी हो सके। इसके साथ ही स्टेशन भवन के बाहरी हिस्से में बेहतर प्रकाश व्यवस्था की गई है तथा सामने की ओर आकर्षक लैंडस्केप गार्डन विकसित किए गए हैं, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुविध-ाजनक परिवेश उपलब्ध कराया जा सके।

## हिन्दुस्तान जिंक और सिलॉक्स इंडिया ने लो-कार्बन मैन्युफैक्चरिंग के लिए साझेदारी मजबूत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड और प्रमुख स्पेशलिटी केमिकल्स निर्माता सिलॉक्स इंडिया ने लो-कार्बन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझेदारी को और सशक्त किया है। इसके तहत, सिलॉक्स इंडिया ने हिन्दुस्तान जिंक के लो-कार्बन जिंक ब्रांड 'इकोजेन' को अपने विनिर्माण कार्यों में अपनाने की घोषणा की है। इकोजेन एशिया का पहला लो-कार्बन जिंक है, जिसे पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा से तैयार किया जाता है और जिसका कार्बन फुटप्रिंट वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है। इसके उपयोग से सिलॉक्स इंडिया अपने जिंक-आधारित उत्पादों के कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी ला सकेगी। हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को स्कोप-3 उत्सर्जन घटाने में मदद करेगी। वहीं, सिलॉक्स इंडिया के प्रबंध निदेशक प्रकाश रमन ने इसे कंपनी के दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों के अनुरूप बताया।

## जनसेवा भक्त मंडल (बांधाघाट) के स्वर्ण जयंती वर्ष का शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जनसेवा भक्त मंडल (बांधाघाट) के स्वर्ण जयंती वर्ष का शुभारंभ खाद्य सामग्री वितरण के सेवा कार्य के साथ किया गया। संस्था की स्थापना लगभग 50 वर्ष पूर्व श्री राणीसती दादी जी के भक्तों द्वारा 'श्री राणीसती भक्त मंडल (बांधाघाट)' के नाम से की गई थी। तब से यह संस्था निरंतर सामाजिक एवं धार्मिक सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। मंडल द्वारा संचालित निःशुल्क दातव्य चिकित्सालय, विवाह, मांगलिक एवं सामाजिक आयोजनों हेतु सभागार तथा विशाल वस्तु भंडार के माध्यम से अब तक लाखों लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। इसके अतिरिक्त संस्था विभिन्न सेवा प्रकल्पों का संचालन भी करती रही है। हर वर्ष दिसंबर में वार्षिकोत्सव एवं भादव अमावस्या पर दादी गुणगान का आयोजन किया जाता है। स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत वर्षभर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका समापन दिसंबर में प्रस्तावित 'स्वर्ण जयंती महोत्सव' के साथ होगा। मंडल के अध्यक्ष मनोज गोयल एवं सचिव राजेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर के लिए सज्जन तायल, गोविंद मुंशी, विष्णु पोद्दार, सुरेश कुमार भुवालका, विकास अग्रवाल और नीरज केडिया को संयुक्त संयोजक नियुक्त किया गया है। मकर संक्रांति के सेवा कार्य में अध्यक्ष, सचिव के साथ कोषाध्यक्ष प्रदीप केडिया, सज्जन तायल, मनोज केजरीवाल, विकास शर्मा, विशाल छकड़ा, राजेश पंसारी और राजीव अग्रवाल ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## एसआईआर के विरोध में चाकुलिया में बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़, एफआईआर दर्ज

**उत्तर दिनाजपुर :** मुर्शिदाबाद के फरक्का के बाद, एक और बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़ हुई है। इस बार, उत्तर दिनाजपुर जिले के चाकुलिया क्षेत्र में इस घटना को अंजाम दिया गया है। गुरुवार को, राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के विरोध प्रदर्शनों के दौरान चाकुलिया स्थित गोरखपुर द्वितीय बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप सामने आए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कई लोगों ने राज्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और प्रदर्शन किया। एसआईआर सुनवाई के लिए बुलाए गए लोग मुख्य रूप से प्रदर्शन में शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़ के दौरान मौजूद एक प्रभारी अधिकारी (आईसी) घायल हो गए। चुनाव आयोग ने इस घटना पर कड़ा रुख अपनाया है। बीडीओ ने चाकुलिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसे एफआईआर में बदल दिया गया है। चाकुलिया थाने में बीडीओ द्वारा दर्ज



कराई गई शिकायत के अनुसार, सुबह करीब 9:30 बजे लगभग 300 लोगों ने बीडीओ कार्यालय में जबरन घुसने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति को नियंत्रण में लाने में विफल रही। आरोप है कि वे कार्यालय में घुस गए और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लेकर कुर्सियों और मेजों तक सब कुछ तोड़-फोड़ दिया, साथ ही दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचाया। अपनी शिकायत में बीडीओ कार्यालय ने कहा कि चाकुलिया स्थित कार्यालय में लगभग 20 लाख रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई। यह भी आरोप है कि प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश करने पर पुलिस पर भी हमला किया गया। इस घटना में चाकुलिया थाने के प्रभारी अधिकारी घायल हो गए। कार्यालय के कई लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस्लामपुर पुलिस जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## 23 राज्यों और 115 जिलों से आए रक्तवीरों ने किया रक्तदान



**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा के बांगड़ पार्क क्षेत्र स्थित रिसड़ा सेवक संघ भवन में राष्ट्रीय स्तर पर शोभा जीव कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक शनि कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय रक्तदान एवं सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में देश के 23 राज्यों और 115 जिलों से आए समाजसेवी रक्तवीरों ने एक मंच पर एकत्र होकर रक्तदान किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में रक्तदान शिविर, वर्कशॉप और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 70 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सामाजिक सेवा के लिए प्रतिभागियों को 'स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय गौरव सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में कुल 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 80 महिलाएं और 140 पुरुष शामिल थे। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन समाज में रक्तदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ मानव सेवा की भावना को और मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश अग्रवाल, धनेश्वर प्रसाद, प्रदीप सिंह, दीपक सिंह, अमन सिंह, अंबिका शर्मा, शुभम शर्मा, रीता प्रसाद, राज चौधरी, संध्या प्रसाद, नीलम प्रसाद, अमर सिंह एवं खुशबू साव सहित सभी सहयोगियों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# श्री शिवशक्ति सेवा ट्रस्ट ने गंगासागर मेले में की व्यापक सेवा व्यवस्था



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री शिवशक्ति सेवा ट्रस्ट द्वारा गंगासागर मेले के अवसर पर तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। गंगासागर क्षेत्र के रोड नंबर-5 स्थित ट्रस्ट की धर्मशाला परिसर में यात्रियों के लिए आवास, सुबह का नाश्ता, चाय, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा, तथा मेले में बिछड़े लोगों को ढूंढ़ने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वर्ष सेवा शिविर का उद्घाटन नेपाल के वाणिज्यिक महादूत जे.पी. आचार्य ने किया। उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल एक-दूसरे के पूरक देश हैं और हर वर्ष नेपाल से हजारों श्रद्धालु गंगासागर मेले में पुण्य स्नान के लिए आते हैं। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा निर्मित धर्मशाला की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है और नेपाल से आने वाले तीर्थयात्रियों को यहां ठहरने की अनुशंसा की जाएगी।

ट्रस्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन विश्वनाथ सुरेका ने कहा कि गंगासागर धर्मशाला ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जहां वर्ष भर धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए समुचित व्यवस्था रहेगी। वहीं, महासचिव एवं ट्रस्टी सुशील कुमार चौधरी ने बताया कि श्री शिवशक्ति सेवा ट्रस्ट दशकों से गंगासागर तीर्थयात्रियों की निःस्वार्थ सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

इस वर्ष ट्रस्ट के सेवा शिविर में पहुंचने वाले प्रमुख अतिथियों में उपमहादूत सुभाष चन्द्र बासटोला, सहमहादूत टीकाराम उपाध्याय, अध्यक्ष रमेश कुमार सोन्थलिया, महेश अग्रवाल (सूता पट्टी), गोविंद पंसारी, बिनोद सराफ, दिनेश



सिंघानिया, विशाल सुरेका, अरुण सुरेका, महेंद्र अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, प्रदीप कुमार संघई, उमेश केडिया, विनोद अग्रवाल (नाश्ता गली), गणेश प्रसाद मथरान सहित अन्य थे। भारत सेवाश्रम संघ के निमाई महाराज, दक्षिण चौबीस परगना के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, सह-डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट सहित प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने भी संदेश प्रेषित कर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। पूर्वांचल नागरिक समिति के विश्वनाथ अग्रवाल व प्रदीप संघई ने कहा कि ट्रस्ट गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए समर्पित भाव से लगातार कार्य कर रहा है। पूर्वांचल नागरिक समिति ट्रस्ट के सहयोगी के रूप में सदैव साथ रहेगा। वरिष्ठ उद्योगपति नंदलाल रूंगटा द्वारा संचालित मांगीलाल रूंगटा ट्रस्ट की ओर से भी इस वर्ष श्री शिवशक्ति सेवा ट्रस्ट को सहयोग प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

## डीवीसी का पहला कला-शिल्प महोत्सव 'डिजाइन फेस्ट 2026' शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) का पहला कला, शिल्प एवं डिजाइन आधारित महोत्सव 'डिजाइन फेस्ट 2026' का उद्घाटन बुधवार को डीवीसी के अध्यक्ष एस. सुरेश कुमार, आईएएस ने किया। इस अवसर पर प्रख्यात वास्तुकार एवं मुख्य अतिथि अबिन चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में डीवीसी के सदस्य (तकनीकी) स्वप्नेंदु कुमार पांडा, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) एवं अतिरिक्त सचिव सुदीप्त आचार्जी सहित डीवीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस महोत्सव का उद्देश्य शिल्पकारों को व्यापक दर्शक वर्ग से जोड़ते हुए भारत की समृद्ध कला एवं डिजाइन विरासत का उत्सव मनाना है। महोत्सव में पश्चिम बंगाल और झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए



कारीगरों द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। यहां पारंपरिक हस्तशिल्प, चित्रकला, स्केचिंग और हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ-साथ आधुनिक नवाचारों जैसे थ्री-डी प्रिंटिंग, इंटरएक्टिव गेम्स तथा डीवीसी की सामुदायिक विकास पहलों को दर्शाने वाले सीएसआर आधारित प्रदर्शनों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। तीन दिवसीय 'डिजाइन फेस्ट 2026' का समापन 17 जनवरी को होगा। यह आयोजन समावेशी विकास, सांस्कृतिक संवर्धन और रचनात्मक नवाचार के प्रति डीवीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। महोत्सव आम जनता के लिए खुला है और इसमें प्रवेश निःशुल्क है।

# कोलकाता पुलिस हाफ मैराथन: रविवार को यातायात नियंत्रण, जानिए कौन-से रास्ते रहेंगे बंद

**कोलकाता :** आगामी रविवार को कोलकाता पुलिस की हाफ मैराथन के आयोजन के मद्देनज़र शहर के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात नियंत्रण लागू किया जाएगा। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और पहले से यात्रा की योजना बनाने की अपील की है।




**❑ मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध**

रविवार सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक किसी भी प्रकार के मालवाहक वाहनों की आवाजाही निम्न सड़कों पर प्रतिबंधित रहेगी–

आर.आर. एवेन्यू, ए.जे.सी. बोस रोड (हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से मलिकबाजार तक), खिदिरपुर रोड, एस्प्लेनेड, जवाहरलाल नेहरू रोड, डफरिन रोड और मेयो रोड।

**❑ इन सड़कों पर रहेगा यातायात नियंत्रण**

रविवार सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक खिदिरपुर रोड, कैसुरीना एवेन्यू, लवर्स लेन, क्वीन्स वे, हॉस्पिटल रोड, आर.आर. एवेन्यू, ए.जे.सी. फ्लाईओवर, मा फ्लाईओवर, एस्प्लेनेड, घोड़ा पास, मेयो रोड, शेक्सपियर सरणी, सर्कस एवेन्यू, जवाहरलाल नेहरू रोड और आउट्राम रोड पर यातायात नियंत्रित किया जा सकता है।

**❑ रेड रोड रहेगी बंद**

शनिवार रात 10 बजे से रविवार दोपहर 12 बजे तक रेड रोड पूरी तरह बंद रहेगी। रेड रोड से दक्षिण की ओर जाने वाले वाहन किंग्सवे–स्ट्रैंड रोड का उपयोग करेंगे।

**❑ वैकल्पिक मार्ग**

मा फ्लाईओवर से पार्क सर्कस सेवन प्वाइंट क्रॉसिंग की ओर जाने वाले वाहन सुभाष सरोवरदी एवेन्यू, दरगा रोड, चार नंबर रेल ब्रिज और पार्क सर्कस कनेक्टर होकर जाएंगे।

ए.जे.सी. बोस रोड की ओर पूर्वमुखी वाहन डी.एल. खान रोड–एस.एन. पंडित क्रॉसिंग–हरिश मुखर्जी/एटीएम रोड के जरिए जाएंगे।

दक्षिणमुखी वाहन ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट से एस्प्लेनेड ईस्ट क्रॉसिंग होकर निकलेंगे।

एस्प्लेनेड क्षेत्र में सड़क बंद रहने के कारण हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से सेंट जॉर्जेस गेट रोड–स्ट्रैंड रोड–किंग्सवे मार्ग अपनाना होगा।

**❑ पार्किंग पर रोक**

रविवार सुबह 4:30 बजे से मैराथन समाप्त होने तक खिदिरपुर रोड, हॉस्पिटल रोड, आर.आर. एवेन्यू, जवाहरलाल नेहरू रोड से शेक्सपियर सरणी क्रॉसिंग, कैसुरीना एवेन्यू, लवर्स लेन, क्वीन्स वे, आउट्राम रोड, शेक्सपियर सरणी और सर्कस एवेन्यू पर पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यातायात नियमों का पालन करें और अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए समय से पहले घर से निकलें।

## एसआईआर : 'तार्किक विसंगति' के लिए तारकेश्वर के बीएलओ ने पत्नी को थमाया नोटिस

**❑ पत्नी ने चुनाव आयोग पर जताई नाराजगी**

**हुगली, समाज्ञा :** पूर्व बर्दवान जिले के केतुग्राम के बाद, हुगली जिले में एक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) ने गुरुवार को अपनी पत्नी को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सुनवाई का नोटिस भेजा। तारकेश्वर नगरपालिका के वार्ड 1 के निवासी राजशेखर मजूमदार, तारकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 248 के बीएलओ हैं। गुरुवार को राजशेखर की पत्नी सुस्मिता मजूमदार के नाम से सुनवाई का नोटिस जारी किया गया है। बीएलओ होने के नाते, राजशेखर को स्वयं नोटिस देना पड़ा। सुस्मिता के पिता, सुब्रता चटर्जी, भारतीय सेना में कार्यरत थे। उनका नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं था। सुस्मिता के दादा भूपेंद्र चटर्जी का नाम 2002 की मतदाता सूची में दर्ज था। उनके दादा के मतदाता कार्ड की जानकारी के अनुसार, भूपेंद्र चटर्जी 177 जांगीपारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 104 में क्रमांक 170 के मतदाता थे। पिता का नाम मतदाता सूची में न होने के कारण, सुस्मिता ने एसआईआर फॉर्म में अपना नाम अपने दादा के नाम से जुड़वा लिया था। हालांकि, सुस्मिता को सुनवाई का नोटिस भेजा गया, जिसमें कहा गया कि उनके और उनके दादा के बीच उम्र का अंतर केवल 40 वर्ष है। हालांकि, 2002 की मतदाता सूची में सुष्मिता के दादा की आयु 81 वर्ष बताई गई है। उनका निधन 2010 में 89 वर्ष की आयु में हुआ था। सुष्मिता की वर्तमान आयु 37 वर्ष है। इस गणना के अनुसार, दोनों के बीच आयु का अंतर 40 वर्ष नहीं बल्कि 52 वर्ष होना चाहिए। इस घटना पर टिप्पणी करते हुए सुष्मिता के पति राजशेखर ने कहा कि यह गलती तकनीकी त्रुटि के कारण हुई है। इसके परिणामस्वरूप आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मैंने स्वयं अपनी पत्नी को सुनवाई का नोटिस भेजा, जबकि उनकी मतदाता सूची में सब कुछ सही था। राजशेखर ने कहा कि बीएलओ की ओर से कोई लापरवाही नहीं है। आम जनता चुनाव आयोग की लापरवाही के कारण परेशान हो रही है।



## गोयनका मंदिर कोलकाता में चुनड़ी उत्सव



**कोलकाता, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गोयनका मंदिर कोलकाता में अपनी कुलदेवी श्री बीरां बरजी दादी का दादी भक्त रेनू सुशील गोयनका (कांकुड़गाछी) के सानिध्य में प्रथम बार चुनडी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोयनका परिवार की सभी बहू बेटियों ने भक्तिभाव से अपनी कुलदेवी का भजन कीर्तन किया तथा दादी को फल मेवा छप्पन भोग मिठाई आदि का भोग लगाया। दादी की रसोई में सभी भक्तों ने दादी का प्रसाद ग्रहण किया। उत्सव में शामिल सभी बहु बेटियों को दादी की चुनडी प्रसाद स्वरूप प्रदान की गई। यह जानकारी श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के सचिव श्री सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

## पाटुली में फर्जी नोट बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, उपकरण बरामद

**❑ एसटीएफ ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, 28 जनवरी तक पुलिस हिरासत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने फर्जी भारतीय मुद्रा नोट बनाने और उसे चलाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है और भारी मात्रा में नकली नोट, नकली नोट बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। गुरुवार को आरोपितों को अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 28 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। आरोपितों की पहचान सोनारपुर थाना इलाके का निवासी आलोक नाग उर्फ बापी (58), नरेंद्रपुर थाना इलाके का निवासी अयान नाग उर्फ बिक्की (33) टीटागढ़ निवासी श्याम बाबू पासवान (36) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार की दोपहर एसटीएफ, कोलकाता पुलिस की एक टीम ने पाटुली थाना इलाके में तीन संदिग्धों को रोका। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल नौ हजार दो सौ रुपये के फर्जी भारतीय नोट बरामद किए गए। इनमें पांच सौ रुपये के 14 नोट, दो सौ रुपये के 10 नोट और एक सौ रुपये के दो नोट शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, तीनों को शाम करीब 5 बजे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एसटीएफ थाना, कोलकाता में केस दर्ज किया गया है। आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 178/179/180/181/61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार के तड़के आरोपित–आलोक नाग और अयान नाग के बयान के आधार पर तथा उन्हीं की निशानदेही पर एसटीएफ की टीम ने दक्षिण 24 परगना जिले के नरेंद्रपुर थाना अंतर्गत सोनारपुर के राजपुर, तेघरिया, दशानी पाड़ा स्थित रामकृष्ण पल्ली इलाके में छापेमारी की। यहां आलोक नाग द्वारा किराए पर लिए गए एक मकान से फर्जी नोट बनाने की पूरी यूनिट का खुलासा हुआ। छापेमारी के दौरान पुलिस ने नकली नोट बनाने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण और सामग्री के साथ 15 हजार दो सौ रुपये के फर्जी नोट बरामद किए। इनमें पांच सौ रुपये के आठ नोट, दो सौ रुपये के 14 नोट और एक सौ रुपये के 84 नोट शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने तीन स्कैनर–कम–कलर प्रिंटर, विभिन्न मूल्यवर्ग के असली भारतीय नोट चिपकाए गए कई सफेद पन्ने, अलग–अलग मूल्यवर्ग के अधूरे रंगीन प्रिंटेड नकली नोट, नौ चमकीले हरे रंग के पेन और 22 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हिरासत के दौरान पूछताछ कर इस गिरोह से जुड़े और अहम सुराग जुटाए जाएंगे।



## नशे के कारोबार को लेकर हावड़ा में गैंगवार, गोलीबारी से उत्तर हावड़ा में दहशत

**हावड़ा, समाज्ञा :** नशे के कारोबार को लेकर हुए विवाद के चलते उत्तर हावड़ा में दो आपराधिक गुटों के बीच गैंगवार छिड़ गया, जिससे इलाके में भारी दहशत फैल गई। बीते कई दिनों से जारी इस संघर्ष के दौरान गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिसमें एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और आरोपियों की तलाश में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ओड़ियापाड़ा और नंदीबागान क्षेत्र में नशे की बिक्री को लेकर दो गुटों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। रविवार देर रात ओड़ियापाड़ा के सनातन मिस्त्री लेन में विवाद हिंसक हो गया, जब पांचू नामक बदमाश ने बाहरी अपराधी राज पांडे और सुचित सिंह के साथ मिलकर छोटू के गुट पर हमला किया। इस दौरान तपन बारिक नामक युवक को गोली लगी, जिसे गंभीर हालत में हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसके बाद, मंगलवार रात नंदीबागान के भैरव दत्त लेन में भी हिंसा की घटना हुई, जहां बदमाशों ने घरों में तोड़फोड़, बमबाजी और धारदार हथियारों का प्रदर्शन किया। घटनाओं के बाद गोलाबाड़ी थाने की पुलिस ने दोनों इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और घर–घर तलाशी ली जा रही है। हावड़ा सिटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस घटना में शामिल सभी आरोपी पुराने अपराधी हैं, जिनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, सभी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन की दैनंदिनी– 2026 का लोकार्पण




**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) की वार्षिक डायरी दैनंदिनी–2026 का लोकार्पण कोलकता के सैटरडे क्लब के सभागार में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एवररेडी इंडस्ट्रीज के सीएचरओ संदीप बनर्जी एवं विशिष्ठ अतिथि केईआई इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष जसवंत सिंह के साथ हिरावत इलेक्ट्रिकल्स के निदेशक सुशील हिरावत ने संयुक्त रूप से संस्था की वार्षिक डायरी दैनंदिनी– 2026 का लोकार्पण किया। इस दौरान मंच पर संस्था के पदाधिकारियों के साथ संस्था के संरक्षक ओम प्रकाश झाझरिया भी मौजूद थे। इस मौके पर एवररेडी कंपनी की तरफ से तीन नये उत्पादों को लॉन्च किया गया। इस आयोजन में संस्था के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने उद्घाटन संबोधन में अतिथियों और सभी सदस्यों का स्वागत करने के साथ उन्होंने प्रकाशन के उप समिति के संयोजक अनिल कुमार सिंह और उनकी पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर सम्मानीय अतिथि सुशील पोद्दार, जेएल बड़दिया के साथ संस्था के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंघी के साथ सचिव गगनदीप मूंधरा भी मौजूद थे। सीडा के मीडिया सेल के संयोजक संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्षों, पूर्व सचिवों के साथ संस्था के सभी सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।




**बाबूघाट में एकमात्र महिला संचालित सेवा शिविर महिला प्रगति संस्थान द्वारा विगत कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी गंगासागर जाने वाले तीर्थायात्रियों की सेवा में मनीषा गुप्ता एवं सुनील गुप्ता के नेतृत्व में शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की निःशुल्क सेवाओं के अलावा भजन कार्यक्रम, काव्य पाठ, कंबल वितरण, खिचड़ी वितरण समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित की जा रही है।**

## मुर्शिदाबाद में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद के साथ तीन गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** विधानसभा चुनाव से पहले मुर्शिदाबाद जिले से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। जिला पुलिस के विशेष अभियान दल ने हथियारों के साथ तीन लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बुधवार की शाम पुलिस ने बरहामपुर के सुभाषनगर इलाके में एक निजी चिकित्सा केंद्र के पास से तीनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम पहचान रफीकुल मंडल, कौसर अली और साकिरुल शेख है। पुलिस ने संदिग्धों से 300 राउंड गोला–बारूद, दो देसी पिस्तौल, मैगजीन और 10,000 रुपए मूल्य के नकली भारतीय नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस को संदेह है कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने हथियारों की तस्करी के इरादे से उन्हें इकट्ठा किया था।



हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये हथियार किसे और किस उद्देश्य से तस्करी किए जा रहे थे। पुलिस इस घटना के पीछे किसी साजिश की आशंका की भी जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें संदिग्धों की गतिविधियों के बारे में पहले ही सूचना मिल गई थी। इसी के अनुरूप, पुलिस अधिकारियों ने गुप्त सूत्रों की मदद से इलाके में जाल बिछाया। तीनों के पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, तीनों से पूछताछ पूरी होने के बाद ही गिरफ्तार व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी सामने आएगी।

## श्री सालासर बालाजी सेवक वृन्द ने मकर संक्रांति पर 34वें वर्ष नारायण सेवा की



**हावड़ा :** श्री सालासर बालाजी सेवक वृन्द, बांधाघाट की ओर से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लगातार 34वें वर्ष नारायण सेवा का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य बांधाघाट के सत्यनारायण टेंपल रोड, किशनलाल बर्मन रोड एवं हजारीमल शाह रोड क्षेत्र में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच दाल–चावल, जलेबी, चिवड़ा, लड्डू, बिस्कुट, चिप्स एवं टॉफी आदि खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक मोतीलाल भुवालका, मुख्य संरक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता सहित अन्य संरक्षकों की प्रेरणा से यह सेवा कार्य सुचारु रूप से संपन्न हुआ। सेवा वितरण कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल, नरेंद्र कुमार सरावगी, दीपक सोनकर, विश्वनाथ राय, शोभित शर्मा, अदिति भुवालका, आरना अग्रवाल तथा सुरेश कुमार भुवालका उपस्थित रहे।

## चंडीतला में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**❑ आरोपित में तीन नेपाल के निवासी**

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चंडीतला थाना इलाके में पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी कर ऑनलाइन बेटिंग और साइबर ठगी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन नेपाली नागरिक शामिल हैं। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह के तार न सिर्फ अन्य राज्यों बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जुड़े हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चंडीतला के आइया बांधपुर इलाके में करीब डेढ़ महीने पहले सात युवकों ने एक मकान किराए पर लिया था। उसी मकान से फर्जी ऑनलाइन कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। किसी बाहरी व्यक्ति की आवाजाही पर नजर रखने के लिए पूरे मकान को सीसीटीवी कैमरों से ढक दिया गया था। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद मंगलवार की रात चंडीतला थाना प्रभारी (ओसी) बापी हालदार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की और मौके से सातों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में तीन नेपाल के निवासी हैं, जबकि अन्य उत्तर प्रदेश और झारखंड के रहने वाले हैं। बुधवार की शाम हुगली जिला पुलिस (ग्रामीण) के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण सरकार ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने फर्जी कॉल सेंटर के साथ–साथ ऑनलाइन बेटिंग रैकेट चलाने की बात कबूल की है। पुलिस ने मकान की तलाशी के दौरान कई लैपटॉप, मोबाइल फोन, कई अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के अलावा भारतीय क्रेडिट और डेबिट कार्ड जब्त किए हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपित विभिन्न गेमिंग और निवेश प्लेटफॉर्म के जरिए आम लोगों से बड़ी रकम की ठगी कर रहे थे। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर इस बेटिंग चक्र को चलाया जा रहा था। पुलिस का दावा है कि अंतरराष्ट्रीय कार्डों का उपयोग कर देश के विभिन्न राज्यों में ठगी की गई और अब तक डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की रकम की धोखाधड़ी किए जाने के सबूत मिले हैं। इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। बुधवार को सभी आरोपितों को अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें दस दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।



### आयकर विभाग के एससी/एसटी संगठन की सामाजिक पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑल इंडिया इनकम टैक्स एससी/एसटी एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन की पश्चिम बंगाल इकाई ने कई सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों का आयोजन किया। शहर के आयकर भवन, पूर्वा बिल्डिंग में आयोजित इस कार्यक्रम भवन के सुरक्षा कर्मियों और सहायक कर्मचारियों के प्रति सम्मान जताते हुए उन्हें गर्म शीत वस्त्र प्रदान किए गए। दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली क्षेत्र स्थित मां शारदा विद्यामंदिर स्कूल को 'उत्कर्ष आरोहण' नामक सामाजिक संस्था के माध्यम से एक लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा 'बिहान' चैरिटेबल संस्था के सहयोग से दक्षिण 24 परगना के संकीजहान गांव में जरूरतमंद और वंचित लोगों के बीच शीत वस्त्र एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

### पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड कैपिटल मार्केट में सिक्योर्ड एनसीडी के पब्लिक इश्यू से 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाएगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक पब्लिक फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन है। ये शेड्यूल–ए महारत्न सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज है। पावर सेक्टर पर फोकस करती है। कंपनी ने सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड, रिडीमेबल, नॉन–कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के पब्लिक इश्यू के लिए 9 जनवरी 2026 को ट्रांच–1 प्रॉस्पेक्टस फाइल किया है।हर एक की फेस वैल्यू 1,000 रुपये है। जीरो कूपन एनसीडी के मामले में फेस वैल्यू 1,00,000 रुपये है। बेस इश्यू साइज 500 करोड़ रुपये है। ग्रीन शू ऑप्शन से 4,500 करोड़ तक और कुल 5,000 करोड़ रुपये तक। ये शेल्फ लिमिट 10,000 करोड़ के अंदर है। यह ट्रेंच–ख इश्यू शुक्रवार, 16 जनवरी को खुलेगा और शुक्रवार, 30 जनवरी को बंद होगा। सेबी के नियमों के मुताबिक इसे समय से पहले बंद करने या बढ़ाने का विकल्प भी रहेगा। इन एनसीडी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट किया जाएगा।

## पुलिस की सख्ती से नवान्न अभियान टला, हावड़ा स्टेशन पर आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी

**हावड़ा :** नवान्न अभियान से पहले ही हावड़ा में आंदोलन पर रोक लग गई। गुरुवार दोपहर 12 बजे नवान्न अभियान का आह्वान 2009 दक्षिण 24 परगना प्राइमरी एवं राज्य ग्रुप–डी वंचित नौकरी अभ्यर्थी संयुक्त मंच ने किया था। हालांकि अभियान शुरू होने से पहले ही पुलिस की तत्परता के चलते हावड़ा स्टेशन पर आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद संयुक्त मंच ने नवान्न अभियान स्थगित करने की घोषणा की। पुलिस की तैयारियां सुबह से ही साफ नजर आ रही थीं। पूर्व के नवान्न अभियानों से सबक लेते हुए प्रशासन सतर्क था। जीटी रोड पर हावड़ा मैदान के पास भारी लोहे की बैरिकेडिंग कर यातायात लगभग बंद कर दिया गया था, ताकि किसी भी स्थिति में जुलूस नवान्न की ओर न बढ़ सके। आंदोलनकारियों का आरोप है कि अभियान शुरू होने से पहले ही उन्हें चोरों की तरह उठा लिया गया। मंच का कहना है कि नवान्न अभियान की सूचना पहले ही पुलिस को दी गई थी, इसके बावजूद आयोजकों को पहले से हिरासत में लेना अनुचित है। मंच ने जल्द ही दोबारा नवान्न अभियान की घोषणा करने की बात कही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना थी कि आंदोलनकारी ट्रेन से हावड़ा स्टेशन पहुंचेंगे और वहां से हावड़ा मैदान होते हुए नवान्न की ओर बढ़ेंगे। इसी आधार पर स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म पर सादे कपड़ों में पुलिस तैनात की गई थी। पुलिस का कहना है कि बैनरों के जरिए आंदोलनकारियों की पहचान की गई और करीब 20 लोगों को हिरासत में लेकर शिवपुर थाने ले जाया गया।




## गंगासागर मेला के सम्मान में विशेष फिलैटेलिक कवर जारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** डाक विभाग ने गुरुवार को गंगासागर मेला के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट संग्रह कवर (फिलैटेलिक कवर) जारी किया। 'गंगासागर मेला: परंपरा, भक्ति, भावना और आध्यात्मिक विश्वास का समागम' शीर्षक वाले इस फिलैटेलिक कवर को कोलकाता के डाकघर (जीपीओ) में डाक सेवा के महानिदेशक जितेंद्र गुप्ता ने जारी किया। बयान में कहा गया कि कवर के प्रारूप में 'महास्नान' की रस्म को रेखांकित किया गया है। साथ ही, इसमें हुगली नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर बने कपिल मुनि मंदिर को भी दर्शाया गया है जिससे गंगासागर मेले का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व परिलक्षित होता है। बयान के मुताबिक, यह खास कवर कोलकाता जीपीओ के फिलैटेलिक ब्यूरो में बिक्री के लिए उपलब्ध है।



**विश्वनाथ सेवा संघ द्वारा आउट्राम घाट पर लगे सेवा शिविर द्वारा तीर्थयात्रियों को निःशुल्क चाय, अल्पाहार, भोजन, अस्थायी आवास एवं अस्वस्थ रोगी के लिए दवा उपलब्ध कराई जा रही है।**

### गंगा में गत 11 सालों में मछलियों की विविधता करीब 61 प्रतिशत की वृद्धि : अध्ययन

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगा नदी में गत 11 सालों में मछलियों की प्रजातियों में विविधता में करीब 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह खुलासा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के केंद्रीय अंतरस्थलीय मत्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीआईएफआरआई) के अध्ययन में हुआ है। अध्ययन में कहा गया है कि यह सरकार के नेतृत्व में किए गए प्रयासों के तहत निरंतर पारिस्थितिक सुधार को दर्शाती है। अनुसंधान के मुताबिक, नदी में लगभग पांच दशकों में मछलियों की सबसे अधिक विविधता दर्ज की गई है। वैज्ञानिकों ने इसके विभिन्न हिस्सों में 230 मछली प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया है। ऐतिहासिक अभिलेखों के मुताबिक 1822 में नदी में मछली की 271 प्रजातियां पाई जाती थीं, लेकिन प्रदूषण, पर्यावास के क्षरण और अत्यधिक दोहन के कारण समय के साथ यह विविधता लगातार कम होती गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड: हाथी के आतंक के कारण छतों पर सो रहे ग्रामीण

**चाईबासा:** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कई गांवों में लोग एक हमलावर हाथी से बचने के लिए छतों पर सो रहे हैं और रात में पहरा दे रहे हैं। इस हाथी ने अब तक 20 लोगों की जान ले ली है। हाथी के हमले से 13 वर्षीय जयपाल सिंह मेराल सबसे अधिक प्रभावित है। बरबरिया गांव के मेराल ने इस महीने की शुरुआत में हाथी के हमले में अपने लगभग पूरे परिवार को खो दिया। ग्रामीणों के अनुसार, इस दुखद घटना से सदमे में आए सातवीं कक्षा के छात्र ने खाना, बोलना और स्कूल जाना बंद कर दिया है। मेराल ने छह जनवरी की रात को अपने पिता सनतन मेराल, मां जोलोको कुई, छोटी बहन दम्यंती और छोटे भाई मुंगदू को हाथी के हमले में खो दिया, जब हाथी ने उन्हें कुचलकर मार डाला। उसकी छोटी बहन सुषिला के पैर की हड्डी में फ्रैक्चर आया है और वह नोआमुंडी अस्पताल में भर्ती है।

### बलिया में महिला से दुष्कर्म कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डालने वाला युवक गिरफ्तार

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के आरोप में उसके देवर को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के दोकटी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 29 वर्षीय महिला बैरिया थाना क्षेत्र के एक कस्बे में किराये के मकान में रहती है। महिला के रिश्ते के देवर मनोज यादव (40) ने पिछले साल फरवरी माह में उसके किराये के मकान में आकर फांसी का फंदा लगाकर महिला के परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और उसका भयाद-ोहन करके उससे कई बार दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि मनोज ने इसका वीडियो भी बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर तीन जनवरी को मनोज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। पटना हवाई अड्डे पर ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं के साथ भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। हवाई अड्डे पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में भाजपा कोटे के कई मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने युवाओं को आगे बढ़ाने की भाजपा की नीति को रेखांकित करते हुए कहा कि पार्टी में नयी पीढ़ी को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासन और नेतृत्व के प्रति सम्मान है, जिसके कारण कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# मकर संक्रांति पर करोड़ों भक्तों ने लगायी आस्था की डुबकी

**प्रयागराज:** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश की विभिन्न धार्मिक शहरों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने नदियों में आस्था की डुबकी लगाई। प्रयागराज में जारी माघ मेले में बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शाम तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात 12 बजे से ही स्नान शुरू हो गया था। पूरे दिन मकर संक्रांति का मुहूर्त रहने के कारण शाम तक करीब 1.03 करोड़ भक्तों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने बताया कि बुधवार को एकादशी के अवसर पर



लगभग 85 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए उपलब्ध कराई गई 'बाइक टैक्सी' सेवा का भी व्यापक उपयोग हुआ। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को लगभग 11,500 से अधिक श्रद्धालुओं ने 'बाइक टैक्सी' सेवा का लाभ लिया, जबकि अब तक माघ मेले में कुल 1,38,500 से अधिक लोग इस सेवा का उपयोग कर चुके हैं। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। वाराणसी में, मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ बुधवार रात से ही घाटों पर उमड़ने लगी थी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।

### झारखंड के देवघर में दो समुदायों के बीच हुई झड़प, सात लोग घायल

**रांची:** झारखंड के देवघर जिले में बृहस्पतिवार को एक पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार से जुड़े मुद्दे को लेकर दो समुदायों के बीच हुई झड़प में कम से कम सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मधुपुर पुलिस थाना क्षेत्र के लालगढ़ मोहल्ले में उस समय हुई, जब एक युवक की कथित तौर पर दूसरे समुदाय के लोगों के एक समूह ने पिटाई कर दी। इसके चलते दोनों समुदायों के बीच झड़प हुई और दोनों ओर से पथराव हुए, जिसमें सात लोग घायल हो गए। मधुपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सत्येंद्र प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। पुलिस की टीमें इलाके में तैनात हैं।' उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## न्यूज अपडेट

### पांव के छाले कभी मेरी राह नहीं रोक पाये: वसुंधरा राजे



**जयपुर:** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सांसद के रूप में अपनी पदयात्राओं का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पांव के छाले कभी उनकी राह नहीं रोक पाए। राजे ने झालावाड़ के उन्हेल में सांसद दुष्यंत सिंह की 'आशीर्वाद पदयात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर यह बात कही। राजे ने कहा कि जब वह सांसद थीं तो पदयात्रा करती थीं और जब उनके पावों में छाले पड़ जाते तो उन्हें पिन से फोड़ कर आगे बढ़ जातीं। उन्होंने कहा, 'मैं चलती रही उम्र भर दुआओं के साथ,पांव के छाले कभी मेरी राहें नहीं रोक पाए।' एक प्रवक्ता के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह पदयात्रा इस क्षेत्र की उन्नति, विकास और आपके विश्वास की यात्रा है। ज्यादातर नेता चुनाव के समय आते हैं और चुनाव जीत कर चले जाते हैं। पूरे पांच साल एसी में रहते हैं पर हम ऐसा नहीं करते। हम हमारे क्षेत्र को परिवार मानते हैं। हम क्षेत्र के लोगों को मतदाता नहीं, भाग्य निर्माता मानते हैं।'

### झारखंड: गुमला में ट्रक ने पिकअप वैन को मारी टक्कर, चार लोगों की मौत



**गुमला:** झारखंड के गुमला जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक ट्रक ने एक पिक-अप वैन को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल हुए दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना भरनो थाना क्षेत्र में भड़गांव क्षेत्र के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हारिस बिन जमां ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।'' उन्होंने बताया कि घायलों में से दो व्यक्तियों की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती कराया गया है जबकि एक घायल का इलाज गुमला के अस्पताल में जारी है। पुलिस ने बताया कि रांची से तिलकुट विक्रेता जिस पिक-अप वैन में यात्रा कर रहे थे, उसे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान हजारीबाग निवासी संजय कुमार भुइयां (22), सुनील कुमार (30), चतरा निवासी बालेश्वर साहू (48) और रांची निवासी बजरंग कुमार (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सेना पदक पाते ही शहीद की मां हुई बेहोश

**जयपुर :** जयपुर में बृहस्पतिवार को सेना परेड के दौरान अपने बेटे के मरणोपरांत प्रदान किए गए सेना पदक को ग्रहण करते समय शहीद की मां भावुक होकर बेहोश हो गईं। मंच पर मौजूद एक सैनिक ने तुरंत उनकी सहायता की और उन्हें संभालकर बाहर ले गया। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना दिवस परेड की शुरुआत में महल रोड पर आयोजित समारोह में सूबेदार मेजर पवन कुमार, हवलदार सुनील कुमार, लांस नायक दिनेश कुमार, लांस नायक सुभाष कुमार और लांस नायक प्रदीप कुमार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) प्रदान किए। लांस नायक प्रदीप कुमार की मां रामसनेही और उनकी पत्नी मनीषा ने यह वीरता पुरस्कार ग्रहण किया। प्रशस्ति पत्र पढ़े जाने के बाद जनरल द्विवेदी ने जैसे ही पदक रामसनेही और मनीषा को सौंपा, पदक प्राप्त करते ही रामसनेही भावुक होकर बेहोश हो गईं। मंच पर मौजूद एक सैनिक ने उन्हें संभाला और बाहर ले गया।

### जमशेदपुर के उद्योगपति के बेटे के लापता होने के मामले में अब तक कोई सफलता नहीं मिली: पुलिस



**जमशेदपुर:** जमशेदपुर के एक उद्य-ोगपति के बेटे के दो दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता होने के मामले में पुलिस को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार शिवाशीष ने कहा कि जांच जारी है और बिस्टुपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही थीं। शिवाशीष ने कहा, पूर्वी सिंहभूम और पड़ोसी सरायकेला-खरसावां जिलों की टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं लेकिन अभी तक कोई बड़ा सुराग नहीं मिला है। उद्योगपति देवांग गांधी का 24 वर्षीय बेटा कैरव गांधी मंगलवार दोपहर से लापता है। पुलिस ने बताया कि जिस कार में कैरव सवार था, उसे उसी रात राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर स्थित सरायकेला-खरसावां जिले के चंदिल क्षेत्र में कंदरबेड़ा से बरामद किया गया। कैरव मुंबई में पढ़ाई कर रहा था और कुछ महीने पहले घर लौटा था। इसी बीच, जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक सरयू राय ने बृहस्पतिवार को पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा से इस मामले पर मुलाकात की और उनसे युवक का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले राय ने कहा कि उन्होंने पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे से भी बात की और घटना पर चिंता व्यक्त की।

## उप्र विधानसभा सहित देश में होने वाले सभी चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा : मायावती



**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 सहित देश में होने वाले सभी छोटे-बड़े चुनाव अकेले ही लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में बसपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में अपना 70वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों पर निशाना साधा। उन्होंने स्पष्ट किया, हमारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सभी चुनाव अकेले लड़ना अधिक उचित समझा है। किसी भी पार्टी के साथ किसी भी चुनाव में किसी प्रकार का गठबंधन नहीं किया जाएगा। मायावती ने कहा कि भविष्य में यदि यह भरोसा हो जाता है कि किसी गठबंधन सहयोगी दल के खासकर अगड़ी जातियों के वोट बसपा को स्थानांतरित हो सकते हैं, तभी गठबंधन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं।

### मायावती की पत्रकार वार्ता में बल्ब फ्यूज होने से शार्ट सर्किट, कमरे में धुंआ भरा, सभी सुरक्षित

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती की बृहस्पतिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कमरे में शार्ट सर्किट के कारण अचानक धुआं निकलने लगा, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बताया कि इससे किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ तथा मायावती और सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मायावती के जन्मदिन के अवसर पर बृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया था। वार्ता के अंतिम चरण में अचानक कमरे के एक बल्ब से धुआं उठने लगा।

### बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो से 27 फरवरी तक

**पटना:** बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा, जिसमें कुल 19 बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार तीन फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट पेश करेगी, जबकि नौ फरवरी को वर्ष 2025-26 का तीसरा अनुपूरक बजट सदन में रखा जाएगा। विधान परिषद सचिवालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। अधिसूचना के अनुसार, सत्र के पहले दिन दो फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा और आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की जाएगी। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।

## युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाला साहित्य रचा जाए : भजनलाल शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लेखकों और साहित्यकारों से ऐसा साहित्य रचने का आह्वान किया है, जो युवा पीढ़ी को गर्व का अहसास कराए और उन्हें प्रेरित करे। शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) के उद्घाटन समारोह में कहा, मैं लेखकों से कहना चाहता हूं कि आप जो भी लिख रहे हैं उसमें सार्थकता होनी चाहिए। उसमें विचारों का प्रकटीकरण होना चाहिए। उन विचारों से हम आने वाली पीढ़ी को संदेश दें और आने वाली पीढ़ी को सही दिशा देने का काम करें।' उन्होंने लेखकों से अपील करते हुए कहा,'ऐसा साहित्य लिखना चाहिए जिसे पढ़कर हमारी युवा पीढ़ी



को गर्व महसूस हो। शर्मा ने कहा कि साहित्य ने इतिहास के हर दौर में अहम भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने साहित्य के महत्व पर बल देते हुए कहा, चाहे मुगल आक्रांताओं के विरुद्ध हमारे वीरों को प्रेरित करना हो, चाहे आजादी के आंदोलन में सेनानियों में जोश भरना हो, चाहे आपातकाल के दिनों में तानाशाही शासन को चुनौती देना हो, चाहे युद्धों में सीमा पर सैनिकों का हौसला बढ़ाना हो, साहित्य हर दौर में हर समय राष्ट्र निर्माण का काम करता है।' शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रमों में गुलदस्ते के बजाय पुस्तक भेंट करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, किताब सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं होती, बल्कि यह जीवन को समझने का एक नजरिया देती है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान केवल महलों की धरती नहीं है; यह साहित्य और कला की भी धरती है। प्रदूषण की समस्या और पर्यावरण संरक्षण की जरूरत की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति पर्यावरण की रक्षा का ज्ञान देती है।

## जयपुर में परेड में दिखी भारतीय सेना के शौर्य, जुनून और साहस की झलक

**जयपुर:** जयपुर में 78वें सेना दिवस पर बृहस्पतिवार को आयोजित परेड में भारतीय सेना ने अपने शौर्य, जुनून, साहस और अजेय ताकत का प्रदर्शन किया। शहर में पहली बार सार्वजनिक रूप से आयोजित इस परेड को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। सेना की सप्त शक्ति कमान की ओर से 78वीं सेना दिवस परेड का आयोजन जगतपुरा के महल रोड पर हुआ। परेड में जयपुर सैन्य शौर्य, पराक्रम और अनुशासन का मंच बना। इस परेड में भारतीय सेना की आधुनिक सैन्य शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इस बार सेना दिवस की थीम 'भारतीय सेना शौर्य और बलिदान' रखी गई है। खास बात यह है कि इस दौरान स्वदेशी हथियारों का कौशल दिखाया गया। परेड से पहले



मिलिट्री स्टेशन पर बने प्रेरणा स्थल पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ) अनिल चौहान, थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी, एयर कोमोडर पुरुषोत्तम वर्मा, वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जवानों को 'वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया। उन्होंने सूबेदार मेजर पवन कुमार, हवलदार सुनील कुमार, लांस नायक दिनेश कुमार, लांस नायक सुभाष कुमार और लांस नायक प्रदीप कुमार को (मरणोपरांत) सेना पदक वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। जब सेनाध्यक्ष शहीदों के परिजनों को सेना पदक से सम्मानित कर रहे थे तो परिजन की आंखों से आंसू छलक उठे।

## बिहार : चिराग के संक्रांति भोज में पहुंचे नीतीश, नितिन

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित 'दही-चूड़ा भोज' में शिरकत की। 'दही-चूड़ा भोज' का आयोजन पटना के व्हीलर रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यालय में किया गया। इस भोज में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा राज्य सरकार के मंत्री मंगल पांडेय, रामकृपाल यादव और विजय चौधरी भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई सांसद और विधायक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पासवान ने संवाददाताओं से कहा, मकर संक्रांति ऐसा पर्व है जो बहुत-



सी गर्मजोशी और खुशी लेकर आता है। यह सुख-समृद्धि का संदेश देता है। बिहार समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के संस्थापक तेज प्रताप यादव की इस शिकायत पर कि वह बुधवार को उनके द्वारा आयोजित भोज में पासवान को आमंत्रित करना चाहते थे, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया, हाजीपुर से सांसद चिराग पासवान ने कहा, व्यस्तताओं के कारण शायद मैं उनका फोन नहीं उठा सका। हालांकि वह मेरे छोटे भाई जैसे हैं और उनके प्रति मेरे मन में स्नेह है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अपने बड़े भाई तेज प्रताप के घर आयोजित भोज में नहीं पहुंचने के सवाल पर पासवान ने कहा, ये पारिवारिक मामले हैं, जिन पर टिप्पणी करना मेरे लिए उचित नहीं होगा। परिवार के मुखिया वहां थे, तो उसे पर्याप्त माना जाना चाहिए। तेजप्रताप के पिता एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद वृद्धावस्था और अस्वस्थता के बावजूद भोज में शामिल हुए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह की जनता दल यूनाइटेड जद(यू) में वापसी की अटकलों पर पासवान ने कहा, वे हमारे गठबंधन सहयोगी हो सकते हैं, लेकिन यह उस पार्टी का आंतरिक मामला है। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने उसी दिन जद(यू) विधायक चेतन आनंद द्वारा आयोजित एक अन्य भोज में भी शिरकत की। चेतन आनंद की मां लवली आनंद शिवहर की सांसद हैं।

समीक्षा CINE मंत्र

## सिने जगत में 30 साल तक मुझे अलग-अलग किरदार निभाने का मौका देने के लिए शुक्रिया: रानी मुखर्जी

अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने फिल्म जगत के अपने तीन दशकों के सफर को याद करते हुए सोमवार को कहा कि इसकी शुरुआत 'जिज्ञासा, भय और कहानियों के प्रति गहरे प्रेम' से हुई तथा यह एक ऐसे करियर में बदल गया जहां उन्हें आज भी जिंदगी को कई अलग-अलग किरदारों के जरिए जीने का मौका मिलता है।

यश राज फिल्म्स द्वारा उनकी नई फिल्म 'मर्दानी 3' के रिलीज होने से पहले साझा किए गए एक पोस्ट में मुखर्जी ने कहा कि इतने वर्षों तक कई फिल्में करने के बावजूद, वह आज भी खुद को एक ऐसी नयी कलाकार की तरह महसूस करती हैं, जो सिनेमा की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

फिल्म निर्देशक दिवंगत राम मुखर्जी और पार्श्व गायिका कृष्णा मुखर्जी की बेटी रानी मुखर्जी ने 1996 में आई फिल्म 'राजा की आएगी बारात' से अपने करियर की शुरुआत की थी।



मुखर्जी ने कहा, 'मेरा मानना है कि अभिनेता विचारों और रचनात्मकता के वाहक होते हैं तथा मैं सचमुच भाग्यशाली हूं कि मैं एक अभिनेत्री बन सकी।'

उन्होंने कहा, 'मुझे अलग-अलग किरदार के जरिए कई तरह की जिदंगी जीने का मौका देने के लिए शुक्रिया। आज भी मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस करती हूं, जो बेहतर करना चाहता है और ज़्यादा मेहनत करना चाहता है।'

मुखर्जी ने कहा कि उनके लिए फिल्मों में अभिनय करना कोई ऐसा सपना नहीं था जिसके पीछे वह भागीं हों, बल्कि यह कुछ ऐसा था जिसने उन्हें खुद ढूंढ लिया।

मुखर्जी ने कहा, 'सिनेमा में भावनाओं को थाम लेने का एक अजब तरीका होता है। मेरे अंदर कहीं न कहीं आज भी वही घबराई हुई लड़की है जो पहली बार कैमरे के सामने खड़ी थी और ये उम्मीद कर रही थी कि मैं अपने 'डायलॉग' नहीं भुलूंगी।'

मुखर्जी ने कहा कि वह तय योजना या मन बनाकर फिल्मों में नहीं आई थी, बल्कि उन्हें 'जिज्ञासा, भय और कहानियों के प्रति गहरे प्यार के साथ ही किरदारों के जरिए लोगों के मन को समझने की चाह ने आगे बढ़ाया।

## अगर पहली फिल्म में मेरा किरदार जीवित रहता तो 'बॉर्डर 2' में जरूर काम करता: सुनील शेट्टी



अभिनेता सुनील शेट्टी 1997 में आई फिल्म ''बॉर्डर'' को अपने करियर की शानदार फिल्मों में से एक मानते हैं और उनका कहना है कि अगर फिल्म में उनके किरदार की मौत न हुई होती तो वह इसके सीक्वल में जरूर नजर आते।

शेट्टी सोमवार शाम को 'जाते हुए लम्हों' गाने के लॉन्च में शामिल हुए, जो युद्ध पर आधारित फिल्म 'बॉर्डर' के गाने का ही रीमेक है और इसे फिल्म 'बॉर्डर 2' में शामिल किया गया है। 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

'बॉर्डर' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की वास्तविक घटनाओं पर आधारित थी जिसमें शेट्टी ने कैप्टन भैरों सिंह की भूमिका निभाई थी। सिंह भारतीय सेना में अधिकारी थे और युद्ध में शहीद हो गए थे। 'बॉर्डर' जेपी दत्ता ने बनाई थी।

शेट्टी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'मैं इस फिल्म (बॉर्डर) को कभी नहीं भूलूंगा जब मुझे यह किरदार निभाने का प्रस्ताव मिला था तो मैं डर गया था। मुझे लगा कि क्या मैं इस किरदार को निभा पाऊंगा, क्योंकि पर्दे पर कोई काल्पनिक किरदार निभाना आसान है लेकिन असल जिंदगी का कोई किरदार निभाना बहुत मुश्किल है।''

उन्होंने कहा, 'जब मुझे अपने किरदार की मौत वाला सीन मिला, तो मैं बहुत खुश था। देश के लिए मरने पर अच्छा लगता है। लेकिन पहली बार मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं 'बॉर्डर' में जिंदा रहता, तो शायद 'बॉर्डर 2' का भी हिस्सा बनता। मुझे हमेशा वर्दी पहनने की इच्छा रही है।'

अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म 'बॉर्डर 2' में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी सहित कई नए कलाकार दिखाई देंगे।

शेट्टी ने कहा कि 2021 में आई फिल्म 'तड़प' से फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले उनके बेटे अहान को मौका देने के लिए वह फिल्म निर्माता के आभारी हैं।

सुनील शेट्टी ने कहा, 'यह उसकी (बेटे की) दूसरी फिल्म है और उसे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी दूसरी ही फिल्म में नौसेना अधिकारी की भूमिका निभाने का अवसर मिलना- और संभवतः भारतीय सिनेमा में चित्रित होने वाले पहले नौसेना अधिकारियों में से एक की भूमिका निभाना - वास्तव में खास है। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।'

वहीं, अहान शेट्टी ने फिल्म को 'बेहद खास' बताया और उन्होंने अपने माता-पिता और सह-कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### फिल्म के लिए फंड दिलाने के बहाने दीपक तिजोरी के साथ लाखों की धोखाधड़ी

अभिनेता दीपिक तिजोरी धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। फिल्म के लिए फंड दिलाने के नाम पर अभिनेता के साथ यह धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने बताया कि दीपक तिजोरी अपनी नई फिल्म के लिए आर्थिक मदद की तलाश में थे। इसी दौरान, एक दोस्त ने उन्हें आरोपी में से एक से मिलवाया, जिसने खुद को एक म्यूजिक कंपनी से जुड़ा हुआ बताया था। पिछले साल फरवरी में, तिजोरी की मुलाकात एक महिला से भी हुई, जिसने खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताया और भरोसा दिलाया कि वह फिल्म के लिए इन्वेस्टर ढूंढने में मदद कर सकती है। उसने काम करवाने के लिए पांच लाख रुपये मांगे। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद दीपक तिजोरी ने पहली किस्त के तौर पर 2.5 लाख रुपये का भुगतान किया।

आरोपी व्यक्तियों ने एक हफ्ते के अंदर एक जानी-मानी कंटेंट कंपनी से 'लेटर ऑफ इंटरेस्ट' देने का वादा किया था और इसके लिए एक करार पर साइन भी किए थे। हालांकि, आर-ोप है कि वे वादा किया गया डॉक्यूमेंट देने में नाकाम रहे और उसके बाद दीपक तिजोरी के कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू कश्मीर पुलिस ने पुंछ में आतंकी सरगना की संपत्ति कुर्क की

**मेंढर/पुंछ :** जम्मू कश्मीर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पुंछ जिले में, पाकिस्तान में मौजूद एक आतंकी सरगना की अचल संपत्ति कुर्क कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंडी पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के संबंध में अदालत के निर्देशों के बाद यह कार्रवाई की गई। कुर्क की गई संपत्ति मंडी तहसील में स्थित 10 कनाल और 14 मरला (लगभग 58,261.5 वर्ग फुट) जमीन है, जिसका अनुमानित मूल्य 22.05 लाख रुपये है। अधिकारियों के अनुसार, यह जमीन चैंबर कनारी निवासी अब्दुल अजीज की है। वह वर्तमान में पाकिस्तान में आतंकी सरगना के रूप में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि सत्यापन और दस्तावेजीकरण सहित सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पुलिस ने राजस्व विभाग के समन्वय से यह कार्रवाई की।

### शबरिमला के प्रधान पुजारी को स्वर्ण गबन के दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के शबरिमला स्थित भगवान अयप्पा के मंदिर से सोना चोरी के दूसरे मामले में प्रधान पुजारी कंदररु राजीवरु को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजीवरु मंदिर के गर्भगृह (श्रीकोविल)के कपाट की चौखट पर लगे स्वर्ण की चोरी के मामले में फिलहाल तिरुवनंतपुरम के विशेष उप-कारागार में कैद हैं। अधिकारियों ने बताया कि कोल्लम सतर्कता न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने के बाद मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) उप कारागार पहुंची और मंदिर के कपाट पर मौजूद स्वर्ण मंडित द्वारपालकों की प्रतिमा से सोना चोरी करने से संबंधित एक अन्य मामले में राजीवरु की गिरफ्तारी दर्ज की।

### निर्वाचन आयोग केरल में मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं के नाम प्रकाशित करे: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को केरल में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) के बाद प्रकाशित मतदाता सूची के मसौदे से हटाए गए नामों को सार्वजनिक करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया, ताकि प्रभावित मतदाता आपत्ति दर्ज करा सकें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने आयोग से नामों को हटाने के खिलाफ आपत्ति दर्ज करने की समय सीमा को अधिकतम दो सप्ताह तक बढ़ाने पर विचार करने को भी कहा। आयोग की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि समय सीमा बढ़ाने के मुद्दे पर विचार किया जाएगा। पीठ, केरल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

### मणिपुर की इंफाल घाटी में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर की इंफाल घाटी में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयन) के तीन सदस्यों को इंफाल पूर्व जिले के मंत्रीपुखरी लामलोंगेई मानिंग लीकाई से गिरफ्तार किया गया है। केसीपी (एन) के इन सदस्यों पर स्थानीय व्यापारियों से जबरन वसूली का आरोप है। प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लुप के एक कार्यकर्ता को इम्फाल पश्चिम जिले के सेकमाई खुनू से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किया गया आरोपी शगोलसेम लोकेशोर सिंह (35) मंटॉप युम्फाम के एक राहत शिविर में रह रहा था।

### मोहन भागवत दो दिवसीय छत्रपति संभाजीनगर दौरे के दौरान 'हिंदु सम्मेलन' में शामिल होंगे

**छत्रपति संभाजीनगर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत 16 जनवरी से मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान 'हिंदू सम्मेलन' सहित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। संगठन की प्रचार शाखा 'विश्व संवाद केंद्र' द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। '

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव: 'एग्जिट पोल' में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की स्पष्ट बढ़त का अनुमान

**मुंबई :** महाराष्ट्र के प्रमुख नगर निकाय चुनावों, खासकर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को लेकर आए विभिन्न 'एग्जिट पोल' में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की स्पष्ट जीत का अनुमान जताया गया है। लगभग सभी सर्वेक्षणों में शिवसेना (उबाठा)-महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और उनके सहयोगी दलों को अपेक्षाकृत नुकसान की बात कही गई है। 'माई एक्सिस इंडिया' के एग्जिट पोल के अनुसार, बीएमसी की 227 सीटों में से भाजपा-शिवसेना गठबंधन 131 से 151 सीट जीत सकता है और उसे लगभग 42 प्रतिशत मत मिलने का अनुमान है। वहीं उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना (उबाठा)-मनसे-राकांपा



(एसपी) गठबंधन को 58 से 68 सीट मिलने और करीब 32 प्रतिशत वोट शेयर हासिल होने की संभावना जताई गई है। कांग्रेस-वंचित बहुजन आघाडी-राष्ट्रीय समाज पक्ष गठबंधन को 12 से 16 सीट और लगभग 13 प्रतिशत मत मिलने का अनुमान है, जबकि अन्य दलों और निर्दलीयों को 6 से 12 सीट मिल सकती हैं। साम टीवी के एग्जिट पोल में भी भाजपा को मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बताया गया है। इसके अनुसार भाजपा को 84 सीट और उसकी सहयोगी शिवसेना को 35 सीट मिल सकती हैं। शिवसेना (उबाठा) को 65 और मनसे को 10 सीट मिलने का अनुमान है। राकांपा (एसपी) को दो सीट मिलने की संभावना जताई गई है। पुणे नगर निगम को लेकर भी भाजपा के पक्ष में रुझान दिखा है। साम टीवी के मुताबिक पुणे में भाजपा को 70 सीट मिल सकती हैं, जबकि राकांपा को 55 सीट मिलने का अनुमान है। शिवसेना को 12 और कांग्रेस को आठ सीट मिल सकती हैं। शिवसेना (उबाठा) और मनसे को क्रमशः पांच और दो सीट मिलने की संभावना है। 'जुबिलेंट डेटा स्टूडियो' के एग्जिट पोल के अनुसार, मुंबई में भाजपा-शिवसेना गठबंधन को 127 से 155 सीट मिल सकती हैं, जबकि शिवसेना (उबाठा)-मनसे-राकांपा (एसपी) गठबंधन को 44 से 64 सीट मिलने का अनुमान है।

# भारत की कई परंपराओं की एकता का उत्सव है काशी तमिल संगमम: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि काशी-तमिल संगमम सच में एक खास पहल है, जो भारत की कई परंपराओं की जीवंत एकता का उत्सव मनाती है और उनकी विशिष्ट पहचान का सम्मान करती है। मोदी ने अपने हस्ताक्षर वाले एक आलेख में यह भी कहा कि काशी तमिल संगमम ने सांस्कृतिक समझ को मजबूत करने, अकादमिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा सभ्यतागत लोकाचार साझा करने वाले देश के हिस्सों के बीच दीर्घकालिक संबंध बनाने जैसे सार्थक परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में, राजग सरकार को पूरे भारत में तमिल संस्कृति को और लोकप्रिय बनाने और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और गहरा करने के कई मौके मिले हैं। उन्होंने कहा कि



ऐसे ही एक प्रयास का बड़ा उदाहरण काशी-तमिल संगमम है। मोदी ने कहा कि भारतीय लोकाचार में संगम या मेलजोल की एक खास जगह है और इस नजरिए से, काशी-तमिल संगमम वाकई एक खास पहल है, जो भारत की कई परंपराओं की जीवंत एकता का जश्न मनाती है और उनकी खास पहचान का सम्मान करती है। उन्होंने कहा, ''और ऐसे संगमम के आयोजन के लिए काशी से बेहतर जगह और क्या हो सकती है। वही काशी, जो पुरातन काल से सभ्यता का आधार रही है, जहां हजारों सालों से, दुनिया भर से लोग ज्ञान, अर्थ और मोक्ष की तलाश में आते रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का तमिल लोगों और संस्कृति से बहुत गहरा जुड़ाव है और काशी में ही बाबा विश्वनाथ रहते हैं, जबकि तमिलनाडु में रामेश्वरम है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में तेनकासी को दक्षिण की काशी के नाम से जाना जाता है और संत कुमारगुरुपरार स्वामीगल ने अपनी आध्यात्मिकता, विद्वता और संस्था निर्माण से काशी और तमिलनाडु के बीच एक स्थायी संबंध जोड़ा। मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के सबसे महान सपूतों में से एक, महाकवि सुब्रमण्यम भारती को काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागृति की जगह मिली।

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**जयपुर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेनाओं का 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है।



उन्होंने कहा कि जब तक आतंकी सोच खत्म नहीं होती तब तक शांति के लिए यह प्रयास लगातार जारी रहेगा। सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के इतिहास में साहस व संतुलन के प्रतीक के रूप में याद रखा जाएगा। रक्षा मंत्री, भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में यहां एसएमएस स्टेडियम में आयोजित शौर्य संध्या को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह भी सच है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है क्योंकि जब तक आतंकी सोच खत्म नहीं होती तब तक शांति के लिए हमारा यह प्रयास लगातार चलता रहेगा। मैं राजस्थान की इस वीर धरती से इसकी घोषणा कर रहा हूं। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस (ऑपरेशन सिंदूर) अभियान में भारत ने अपनी सैन्य ताकत ही नहीं दिखाई बल्कि अपने राष्ट्रीय स्वभाव का भी परिचय दिया है। उन्होंने कहा, आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पूरी तरह से सोच समझ कर और मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखकर की गई। इसी कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के इतिहास में सिर्फ सैन्य कार्रवाई के रूप में नहीं बल्कि साहस व संतुलन के प्रतीक के रूप में याद रखा जाएगा।

# शंकराचार्य ने सनातन धर्म का ध्वज बुलंद रखा: अमित शाह

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि आदि शंकराचार्य ने भारतीय पहचान को स्थापित किया और यह सुनिश्चित किया कि सनातन धर्म का ध्वज चारों दिशाओं में खूब ऊंचा फहराता रहे। शाह ने आदि शंकराचार्य की 'ग्रंथावली' के गुजराती संस्करण का विमोचन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि अद्वैत वेदांत के आठवीं शताब्दी के विद्वान के संपूर्ण ग्रंथ, जिन्हें 15 खंडों में प्रकाशित किया गया है, गुजरात के युवाओं को इन्हें समझने में मदद करेंगे और उनके जीवन तथा कार्यों पर प्रभाव छोड़ेंगे। शाह ने कहा, इन ग्रंथों में आपको उस समय के समाज में मौजूद सभी प्रश्नों के समाधान मिलेंगे। शंकरचार्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इतने कम जीवनकाल में इतना कुछ हासिल कर पाने वाले लोग बहुत कम हैं।



शाह ने कहा कि शंकराचार्य ने पैदल ही पूरे देश की यात्रा की और एक तरह से उन्होंने चलते-फिरते विश्वविद्यालय की भूमिका अदा की। गृह मंत्री ने कहा, उन्होंने केवल पैदल यात्रा ही नहीं की, बल्कि भारत की पहचान स्थापित की, चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की, ज्ञान के केंद्र बनाए और यह सुनिश्चित किया कि सनातन धर्म का ध्वज चारों दिशाओं में ऊंचा फहराता रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपने जीवनकाल में आदि शंकराचार्य ने बौद्ध, जैन, कपालिक और तांत्रिक परंपराओं सहित विभिन्न दार्शनिक धाराओं के उदय के बीच सनातन धर्म को लेकर उत्पन्न संदेहों का समाधान किया। शाह ने कहा कि शंकराचार्य ने सभी प्रश्नों और शंकाओं के तार्किक उत्तर दिए। उन्होंने कहा, आदि शंकराचार्य ने केवल विचार ही नहीं दिए, बल्कि भारत को विचारों का समन्वय भी दिया।

### बजाज जनरल बीमा ने पेश किया 'फीटल फ्लरिश', भ्रूण स्वास्थ्य के लिए विशेष इंश्योरेंस राइडर

**पुणे :** बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने भ्रूण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक नया और अभिनव इंश्योरेंस राइडर 'फीटल फ्लरिश' लॉन्च किया है। 1025 के किफायती प्रीमियम पर उपलब्ध यह राइडर उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था और गर्भ में किए जाने वाले उन्नत उपचारों के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह 'माय हेल्थ केयर प्लान' और 'हेल्थ गार्ड' के साथ उपलब्ध होगा। यह राइडर 18 से 45 वर्ष की महिलाओं के लिए मान्य है और गर्भावस्था के दौरान 16 विशेष भ्रूण चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है। हर गर्भधारण पर (पहली दो बार) इसमें 2 लाख रुपये तक का सम इंश्योर्ड मिलेगा, जबकि पॉलिसी में नौ माह की प्रतीक्षा अवधि तय की गई है। कंपनी के एमडी व सीईओ डॉ. तपन सिंघल ने कहा कि यह पहल गर्भस्थ शिशु की समय रहते देखभाल को आसान बनाकर परिवारों का आर्थिक बोझ कम करेगी।

### त्रिपुरा, मिजोरम के बीच प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का काम 45 प्रतिशत पूरा: अधिकारी

**आइजोल :** त्रिपुरा और मिजोरम के बीच प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का काम तेजी से जारी है और इसका 45 प्रतिशत काम लगभग पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस परियोजना को क्रियान्वित कर रही इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उत्तर-पूर्वी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड के तहत 119.5 किमी की इस परियोजना के दिसंबर 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। पाइपलाइन की शुरुआत त्रिपुरा के पानीसागर टर्मिनल से होगी, जो कान्हमून, जॉलनुआम, कावर्थाह, तुइदाम और डारलक से होते हुए मिजोरम के मामित तक पहुंचेगी। इसके बाद वह लेंगटे से होते हुए आइजोल से 21 किमी दूर सिमहुई टर्मिनल पर खत्म होगी। अधिकारियों ने बताया कि त्रिपुरा प्राकृतिक गैस नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएनजीसीएल) शहर में सिमहुई टर्मिनल से प्राप्त गैस को आइजोल के घरों तक पहुंचाएगा।

### केंद्र ने उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों में जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए नियम अधिसूचित किए

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार द्वारा नए नियम अधिसूचित करने के बाद सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए जातिगत भेदभाव संबंधी शिकायतों की जांच करने और समानता को बढ़ावा देने के लिए समानता समितियां गठित करना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 में यह अनिवार्य किया गया है कि इन समितियों के सदस्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), महिलाएं और दिव्यांग व्यक्ति शामिल होने चाहिए। पिछले साल फरवरी में प्रतिक्रिया के लिए नियमों का मसौदा सार्वजनिक किया गया था।

# आईसीजी ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने वाली एक पाकिस्तानी नौका को जब्त किया

**अहमदाबाद :** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट भारतीय जल क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में एक पाकिस्तानी नौका को जब्त किया है, जिस पर चालक दल के नौ सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नौका को पोरबंदर लाया जा रहा है। गुजरात रक्षा विभाग के पीआरओ विंग कमांडर अभिषेक कुमार तिवारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''चौदह जनवरी, 2026 को अरब सागर में गश्त के दौरान एक त्वरित और सटीक अभियान में, भारतीय तटरक्षक बल के एक जहाज ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट भारतीय जलक्षेत्र



में मछली पकड़ने वाली एक पाकिस्तानी नाव को देखा।'' उन्होंने बताया कि चुनौती दिये जाने पर नाव पाकिस्तानी सीमा की ओर भागने का प्रयास कर रही थी। उन्होंने कहा, ''हालांकि, आईसीजी के जहाज ने भारतीय जलक्षेत्र में नाव को रोका और उस पर चढ़कर तलाशी ली। पाकिस्तानी नाव अल-मदीना पर चालक दल के कुल नौ सदस्य पाये गये।'' पोस्ट में कहा गया है कि आईसीजी के एक जहाज से जोड़कर नाव को पोरबंदर ले जाया जा रहा है, ताकि संबंधित एजेंसियों द्वारा चालक दल से गहन तलाशी और संयुक्त पूछताछ की जा सके।

# हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में घर में लगी आग में तीन बच्चों सहित छह की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नौराधार क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात एक घर में लगी आग में तीन बच्चों सहित छह लोगों की जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।



अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संगड़ाह के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया कि घटना की शुरुआती जांच से प्रतीत होता है कि तलगना गांव के घर में आग बुधवार देर रात चूल्हे के कारण लगी थी। एसडीएम ने बताया कि तलंगना, संगड़ाह उपमंडल का एक दूरस्थ गांव है जो सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ नहीं है। अधिकारी के मुताबिक, जब ग्रामीणों ने आग देखी और मौके पर मदद के लिए पहुंचे, तब तक आग के कारण पुराने लकड़ी के घर को काफी भारी नुकसान हो चुका था। एसडीएम ने बताया कि घटनास्थल से छह शव बरामद किए गए हैं। छह मृतकों में से दो को सिरमौर के राजगढ़ और अन्य चार को शिमला जिले के नेरवा क्षेत्र का बताया जा रहा है।

# पंजाब और हरियाणा में ठंड का प्रकोप जारी, हिसार में तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

**चंडीगढ़ :** पंजाब और हरियाणा के कुछ स्थानों पर बृहस्पतिवार को पारा गिरकर हिमांक बिंदु के स्तर तक पहुंच गया जिससे दोनों राज्यों में ठंड का प्रकोप जारी रहा। मौसम विभाग कार्यालय के अनुसार



बृहस्पतिवार को हिसार दोनों राज्यों में सबसे ठंडा स्थान रहा और यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री नीचे 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिसार में बुधवार को भी न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि हरियाणा के इस शहर में पारा अभी और गिर सकता है, जहां पिछले कुछ वर्षों में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया जा चुका है। यहां 17 जनवरी 2023 को न्यूनतम तापमान शून्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे और एक जनवरी 2021 को शून्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। हरियाणा और पड़ोसी राज्य पंजाब के कई हिस्सों में सुबह के समय कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर काफी कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा के नारनौल में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस और नूंह में 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, गुरुग्राम में न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस, अंबाला में पांच डिग्री, करनाल में 4.8 डिग्री, फरीदाबाद में 4.1 डिग्री और रोहतक में 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बीएमसी चुनाव: उंगली पर लगी 'पक्की' स्याही मिटाने का वीडियो हुआ वायरल, एसईसी ने जांच शुरू की

**मुंबई :** महाराष्ट्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) दिनेश वाघमारे ने बृहस्पतिवार को कहा कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव में मतदान के दौरान उंगलियों पर लगाई गई स्याही लोगों द्वारा मिटाये जाने के वायरल वीडियो की जांच चल रही है और झूठा विमर्श फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बीएमसी चुनावों के लिए मतदान शुरू होते ही सोशल मीडिया पर आम मतदाताओं, नेताओं और मीडियाकर्मियों के ऐसे कई वीडियो सामने आये, जिनमें वे मतदान के बाद अपनी उंगलियों पर लगी 'पक्की' स्याही को एसीटोन से मिटाते हुए दिखाई दे रहे हैं। एसीटोन का



इस्तेमाल आमतौर पर नेल पॉलिश हटाने के लिए किया जाता है। राज्य निर्वाचन आयुक्त वाघमारे ने कहा कि 'पक्की' स्याही को सूखने में समय लगता है और इसे मिटाना नहीं चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कोरेस कंपनी की मार्कर स्याही 2011 से इस्तेमाल की जा रही है।

# विकसित भारत के लिए अगले दो दशक अहम : राष्ट्रपति मुर्मू

**अमृतसर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'विकसित भारत' बनाने के लिए अगले दो दशक बहुत अहम हैं। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है जो वैज्ञानिक सोच रखते हैं, जिम्मेदारी से काम करते हैं और निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। राष्ट्रपति ने अमृतसर स्थित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों से अपने छात्रों में इन मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने युवा छात्रों से अपील की कि वे पेशा चुनते समय यह सुनिश्चित करें कि उनका योगदान राष्ट्र को मजबूत करे और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करे। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के दौरान मादक पदार्थों की समस्या पर भी बात की और कहा कि हाल के वर्षों में पंजाब के युवा इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि समाज के



सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ताने-बाने पर भी असर डाल रही है। उन्होंने कहा, ''स्वस्थ समाज के लिए इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है। इस संदर्भ में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए।''

# दोपहिया हादसों में 2019-23 के दौरान 3.3 लाख से अधिक लोगों की मौत

**नयी दिल्ली :** देश में 2019-2023 के दौरान हुए विभिन्न सड़क हादसों में हुई कुल 7.78 लाख लोगों की मौत हुई। इनमें से लगभग 3.35 लाख लोगों की मौत दोपहिया वाहनों से जुड़ी थीं। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रही है। भारत के शहरों और गांवों की जीवन रेखा माने जाने वाले दोपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ ही, इनसे जुड़ी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का उच्च आंकड़ा वाहन चालकों और यात्रियों के लिए बड़ा संकट बन गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, साल



2023 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों में 45 प्रतिशत यानी 77,539 मौतें दोपहिया सवारों की थीं। इसमें लगभग 50,000 ऐसे सवार थे जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 38 प्रतिशत मौत सवारों की होती हैं। देश में कुल सड़क हादसों में दोपहिया वाहनों से जुड़ी मौतों की हिस्सेदारी 2014 के 30 प्रतिशत से बढ़कर 2023 तक 45 प्रतिशत हो गई है। इस रुझान से चिंतित मंत्रालय ने दोपहिया वाहनों में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) को बढ़ावा देने और वाहन की खरीद के समय गुणवत्ता-प्रमाणित हेलमेट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। गडकरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, सरकार दोपहिया वाहनों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाने पर काम कर रही है। एक जनवरी, 2026 के बाद निर्मित 125 सीसी से कम वाले वाहनों सहित सभी दोपहिया वाहनों के लिए एबीएस अनिवार्य कर दिया गया है। गडकरी ने कहा कि डीलरों के लिए अब प्रत्येक दोपहिया वाहन की बिक्री के साथ दो बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट देना अनिवार्य है। इससे पहले, एबीएस केवल 125 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों के लिए जरूरी था। गडकरी ने कहा कि मंत्रालय ने डीलर के लिए बेचे जाने वाले प्रत्येक दोपहिया वाहन के साथ दो बीआईएस प्रमाणित हेलमेट देना अनिवार्य कर दिया है।

### सिंगापुर जा रहा एअर इंडिया का विमान तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौटा

**नयी दिल्ली :** सिंगापुर जा रहा एअर इंडिया का एक विमान तकनीकी खराबी के कारण बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विमान में करीब 190 लोग सवार थे। सूत्रों के अनुसार, ड्रीमलाइनर विमान में एपीयू (ऑक्सिलियरी पावर यूनिट) में आग की चेतावनी मिली, जिसके बाद विमान करीब एक घंटे तक हवा में रहने के बाद दिल्ली लौट आया। यात्रियों को वैकल्पिक विमान से सिंगापुर भेजा गया। इस संबंध में संपर्क करने पर एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 14 जनवरी को दिल्ली से सिंगापुर जा रही उड़ान एआई 2380 के परिचालन दल ने संभावित तकनीकी समस्या के चलते उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एहतियातन दिल्ली लौटने का फैसला किया।

# ओमान पहुंचा भारत का 'कौंडिन्य', समुद्री रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती

**कोलकाता :** भारतीय नौसेना का पारंपरिक पाल विधि से निर्मित स्वदेशी जहाज 'आईएनएसवी कौंडिन्य' 17 दिनों की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा पूरी कर 14 जनवरी को ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचा। यह पोत 29 दिसंबर 2025 को गुजरात के पोरबंदर से रवाना हुआ था। इस ऐतिहासिक यात्रा को भारत की समुद्री कूटनीति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि 'कौंडिन्य' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का प्रतीक है, जो भारत के प्राचीन समुद्री ज्ञान, शिल्प कौशल और टिकाऊ परंपराओं को विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह जहाज भारत और ओमान के बीच 5000 वर्ष पुराने समुद्री और सभ्यतागत संबंधों का सशक्त प्रतीक है। मस्कट पहुंचने पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल तथा ओमान के गणमान्य लोगों ने इसका गर्मजोशी से स्वागत किया। अजंता की गुफाओं में चित्रित 5वीं सदी के जहाज से प्रेरित 'कौंडिन्य' को लकड़ी के तख्तों को रस्सियों से सिलकर बनाया गया है। इसमें न इंजन है, न जीपीएस और न ही बिजली की व्यवस्था। 16 सदस्यीय चालक दल ने दो सप्ताह से अधिक समय तक सीमित संसाधनों के साथ यह ऐतिहासिक यात्रा पूरी की।




# अंडर-19 विश्व कप: हेनिल के पांच विकेट, भारत ने अमेरिका को छह विकेट से हराया



**बुलावायो (जिम्बाब्वे):** तेज गेंदबाज हेनिल पटेल की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बारिश से प्रभावित आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में अमेरिका को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत छह विकेट से शिकस्त दी। हेनिल ने सात ओवर में एक मेडन सहित 16 रन देकर पांच विकेट झटके और अमेरिका की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। भारत ने बादलों भरे मौसम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। हेनिल और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम 35.2 ओवर में मात्र 107 रन पर सिमट गई। अमेरिका की ओर से नीतीश सुदिनी ने सबसे अधिक 36 रन बनाए। बारिश के कारण खेल में कई बार रुकावट आई। लक्ष्य को संशोधित कर भारत को 37 ओवर में 96 रन बनाने थे। जब बारिश आई, तब भारत ने चार ओवर में एक विकेट पर 21 रन बना लिए थे। दोबारा खेल शुरू होने पर डकवर्थ-लुईस नियम के अनुसार समीकरण बदल गया। भारतीय पारी की शुरुआत हालांकि लड़खड़ाई और वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे तथा अन्य बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। लेकिन अभिज्ञान कुंडू ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंद में नाबाद 42 रन बनाए और टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले गेंदबाजी में हेनिल को दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल का अच्छा साथ मिला। भारत ने ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। इस ग्रुप में भारत के साथ बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी शामिल हैं।

## आईएसएल को एएफसी से मान्यता मिली: एआईएफएफ

**नयी दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि फुटबॉल की महाद्वीपीय संस्था एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छोटे हुए 2025-26 सत्र को मान्यता दे दी है और देश के शीर्ष दो डिविजन विजेताओं को क्षेत्रीय क्वालीफायर के माध्यम से एशियन चैंपियंस लीग 2 के लिए अप्रत्यक्ष स्थान दिए जाएंगे। सत्र की देरी से शुरुआत के कारण क्लब एएफसी चैंपियंस लीग 2 में खेलने के लिए योग्य होने के लिए अनिवार्य 24 मैच नहीं खेल पाएंगे जिसमें शीर्ष डिविजन लीग और घरेलू कप शामिल हैं।

## नितीश रेड्डी को समय दें, जल्दबाजी में फैसला नहीं करें: पूर्व क्रिकेटर

**नयी दिल्ली:** पूर्व खिलाड़ियों आकाश चोपड़ा, रॉबिन उथप्पा और मनोज तिवारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को मौका दिया जाना चाहिए और क्रिकेट जगत को जल्दबाजी में उन्हें लेकर कोई फैसला नहीं करना चाहिए। ये प्रतिक्रियाएं राजकोट में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में रेड्डी के साधारण प्रदर्शन के बाद आई हैं जहां उन्होंने 20 रन बनाए और दो ओवर में कोई विकेट नहीं ले पाए जिससे भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि मौके मिलने के बावजूद रेड्डी अक्सर बड़ा प्रभाव डालने में नाकाम रहे हैं। इन टिप्पणियों से इस युवा खिलाड़ी की भूमिका को लेकर बहस छिड़ गई।

## गुजरात जाइंट्स को फॉर्म में चल रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**नवी मुंबई:** हाल में मिली हार के सिलसिले को रोकने की कोशिश में जुटे गुजरात जाइंट्स के सामने महिला प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां शीर्ष पर चल रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किल चुनौती होगी। छह टीम के टूर्नामेंट में कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद गुजरात जाइंट्स की टीम मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई जबकि आरसीबी की पूर्व चैंपियन टीम लगातार जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। आरसीबी की टीम प्रत्येक मैच के साथ मजबूत हो रही है। उसने यूपी वारियर्स के खिलाफ 144 रन के लक्ष्य को 13 ओवर से भी कम समय में हासिल कर लिया। टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में लौटना है। स्मृति ने धैर्य के साथ एक छोर संभाला जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार ग्रेस हैरिस ने तूफानी बल्लेबाजी की। गुजरात को आरसीबी के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकने का तरीका खोजना होगा जिसमें फॉर्म में चल रही नेदिन डि क्लर्क और खतरनाक ऋचा घोष भी शामिल हैं।

## इंडिया ओपन: लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में, सात्विक-चिराग, श्रीकांत और प्रणय बाहर



**नई दिल्ली:** पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन ने संयमित और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि भारत के अन्य दिग्गज खिलाड़ियों को बाहर होना पड़ा। पुरुष युगल में शीर्ष वरीय सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी, एकल में किदांबी श्रीकांत और एच.एस. प्रणय दूसरे दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में लक्ष्य सेन ने जापान के केंटा निशिमोटो को 21-19, 21-11 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद लक्ष्य ने धैर्य दिखाया, रैलियों को लंबा खींचा और मजबूत डिफेंस के सहारे मैच का रुख पलट दिया। दूसरे गेम में उन्होंने स्पीड और शॉट चयन में बदलाव कर मुकाबले को एकतरफा बना दिया। वहीं, सात्विक-चिराग की जोड़ी जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और क्योहेई यामाशिता से कड़े मुकाबले में 27-25, 21-23, 19-21 से हार गई। श्रीकांत फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से और प्रणय सिंगापुर के लोह कीन यू से तीन गेम के संघर्षपूर्ण मुकाबलों में पराजित हुए।महिला एकल में मालविका बंसोड़ और महिला युगल में त्रिसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी हार के साथ बाहर हो गई। अब एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें लक्ष्य सेन पर टिकी हैं।

## खिलाड़ियों के विद्रोह के बाद बीसीबी ने नजमुल को अहम पद से हटाया, बीपीएल के मैच स्थगित



**ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को बृहस्पतिवार को अपने वित्त समिति के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम को पद से हटाने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने के लिए इस अधिकारी के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। बीसीबी के अहम पद से नजमुल को हटाए जाने के बावजूद बृहस्पतिवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दो मैच स्थगित कर दिए गए। बीपीएल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी बीसीबी निदेशक के पद से नजमुल को तुरंत हटाने की अपनी मांग पर एकजुट थे। खिलाड़ियों और जनता के दबाव में बीसीबी को कार्रवाई करनी पड़ी और नजमुल को बोर्ड की वित्त समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। यह साफ नहीं है कि वह बीसीबी के निदेशक बने रहेंगे या नहीं।



# बेरोजगारी दर दिसंबर में 4.8 प्रतिशत पर पहुंची, शहरी क्षेत्रों में बढ़ी



**नयी दिल्ली:** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर दिसंबर महीने में मामूली रूप से बढ़कर 4.8 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह 4.7 प्रतिशत थी। बृहस्पतिवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण' (पीएलएफएस) रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 3.9 प्रतिशत पर स्थिर रही जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 6.5 प्रतिशत से बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण पुरुषों में बेरोजगारी दर 4.1 प्रतिशत पर स्थिर रही, जबकि शहरी महिलाओं में यह 9.3 प्रतिशत से घटकर 9.1 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर महीने में देश के कुल श्रमबल में हल्की बढ़त देखी गई और कुल कार्यशील जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 53.2 प्रतिशत से बढ़कर 53.4 प्रतिशत हो गया। ग्रामीण पुरुषों का डब्ल्यूपीआर 75.4 प्रतिशत से बढ़कर 76 प्रतिशत रहा, जबकि शहरी पुरुषों में यह 70.9 प्रतिशत से 70.4 प्रतिशत पर आ गया। ग्रामीण महिलाओं का डब्ल्यूपीआर 38.4 प्रतिशत से बढ़कर 38.6 प्रतिशत हो गया जबकि शहरी महिलाओं का कार्यशील जनसंख्या अनुपात लगभग 23 प्रतिशत पर स्थिर रहा। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 55.8 प्रतिशत से बढ़कर 56.1 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 58.6 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 50.4 प्रतिशत से घटकर 50.2 प्रतिशत रही। महिलाओं की एलएफपीआर कुल 35.1 प्रतिशत से बढ़कर 35.3 प्रतिशत रही। इसमें ग्रामीण महिलाएं 39.7 प्रतिशत से बढ़कर 40.1 प्रतिशत पर पहुंच गईं जबकि शहरी महिलाएं 25.5 प्रतिशत से घटकर 25.3 प्रतिशत पर आ गईं। इन आंकड़ों का आधार 3,73,990 लोगों के बीच किए गए एक सर्वेक्षण से मिली सूचना है।

## चांदी 3,000 रुपये चढ़कर 2.89 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर, सोना ने भी बनाया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली:** चांदी की कीमत राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को 3,000 रुपये की तेजी के साथ 2,89,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं स्टॉकिस्टों और आभूषण कारोबारियों की लगातार खरीदारी के बीच सोना 1,47,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। लगातार पांचवें दिन बढ़त बनाए रखते हुए, चांदी की कीमत 3,000 रुपये यानी 1.05 प्रतिशत बढ़कर 2,89,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों को मिलाकर) के नए शिखर पर पहुंच गई। यह बुधवार को 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस नई बढ़त के साथ, चांदी पिछले पांच सत्रों में लगभग 16 प्रतिशत यानी 45,500 रुपये उछली है। इसकी कीमत आठ जनवरी को 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

## दिल्ली में छह करोड़ से अधिक टेलीफोन कनेक्शन, हर निवासी के पास औसतन दो मोबाइल



**नयी दिल्ली:** दिल्ली में लैंडलाइन सहित कुल टेलीफोन कनेक्शन छह करोड़ से अधिक हैं। इसका मतलब है कि राजधानी का प्रत्येक निवासी औसतन दो मोबाइल फोन का उपयोग कर रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया। दिल्ली सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में वायरलेस (मोबाइल) टेलीफोन कनेक्शन की संख्या लगभग 5.61 करोड़ रही, जबकि वायरलाइन (लैंडलाइन) सेवाएं 47.1 लाख दर्ज की गईं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले आठ वर्षों में दिल्ली में टेलीफोन कनेक्शन की कुल संख्या काफी हद तक स्थिर रही है। ग्राहकों की कुल संख्या 2018 में 5.74 करोड़ थी, जो 2019 में घटकर 5.53 करोड़ रह गई और फिर 2020 में बढ़कर 5.66 करोड़ हो गई। यह संख्या 2021 में लगभग 5.79 करोड़ तक पहुंच गई, 2022 में गिरकर करीब 5.62 करोड़ रही और 2023 में बढ़कर 5.85 करोड़ हो गई। आंकड़ो के मुताबिक, 2024 में ग्राहकों की संख्या 6.11 करोड़ के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद 2025 में मामूली गिरावट के साथ लगभग 6.08 करोड़ रही। कुल रुझान स्थिर रहने के विपरीत, दिल्ली सरकार के सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार, राजधानी में लैंडलाइन टेलीफोन कनेक्शन में निरंतर और तेज वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि लैंडलाइन ग्राहकों की संख्या 2018 में लगभग 31.9 लाख थी, जो 2019 में 32.6 लाख और 2020 में 32.7 लाख हो गई। इसके बाद इसमें तेजी आई और 2021 में यह संख्या लगभग 33.9 लाख, 2022 में 39.2 लाख से अधिक और 2023 में 40.6 लाख को पार कर गई।

## दिसंबर में चीन को भारत का निर्यात 67.35 प्रतिशत बढ़ा: वाणिज्य मंत्रालय आंकड़े

**नयी दिल्ली:** इलेक्ट्रॉनिक्स और समुद्री उत्पादों जैसी विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में उछाल से पिछले साल दिसंबर में चीन को होने वाला भारतीय निर्यात 67.35 प्रतिशत बढ़कर 2.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली। निर्यात में यह तेजी मुख्य रूप से तेल खली, समुद्री उत्पाद, दूरसंचार उपकरण और मसालों जैसे उत्पादों के कारण रही। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने के दौरान चीन से आयात भी 20 प्रतिशत बढ़कर 11.7 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान चीन को होने वाला निर्यात 36.7 प्रतिशत बढ़कर 14.24 अरब डॉलर रहा, जबकि पहले नौ महीनों के दौरान आयात 13.46 प्रतिशत बढ़कर 95.95 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान व्यापार घाटा 81.71 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह एक स्वागत योग्य वृद्धि है। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में वृद्धि दर्ज करने वाली मुख्य वस्तुओं में 'पॉपुलेटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड' (पीसीबी), 'फ्लैट पैनल डिस्प्ले मॉड्यूल' और टेलीफोनी के लिए अन्य विद्युत उपकरण शामिल रहे।

## भारत, यूरीपीय संघ एफटीए के 'बहुत करीब': वाणिज्य सचिव

**नयी दिल्ली:** भारत और यूरोपीय संघ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पूरी करने के 'बहुत करीब' हैं। कुछ बचे मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी है ताकि इस महीने के आखिर में शीर्ष नेतृत्व की यात्रा के समय समझौता, घोषणा के लिए तैयार तैयार हो सके। एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य सचिव, राजेश अग्रवाल ने कहा कि संवेदनशील कृषि से जुड़े मुद्दों को भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के दायरे से बाहर रखा गया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम अब बहुत करीब हैं। हमने 24 में से 20 अध्याय पूरी तरह से बंद कर दिए हैं। कुछ मुद्दे ऐसे हैं जिन पर बातचीत चल रही है। हम डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं और हम यह कोशिश कर रहे हैं कि हमारे नेताओं की बैठक से पहले इस काम को कैसा पूरा किया जा सकता है।' जिन मुद्दों को सुलझाने की जरूरत है उनमें यूरोपीय संघ का कार्बन कर भी शामिल है।




**वर्ष 10, पूर्णांक 3475 अंक 285, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in